to be set up in Mr. Narayanan's honour at Uzhavoor. I request the hon. Prime Minister and the Government to take urgent action to erect a statue of Shri K.R. Narayanan in New Delhi and to set up the educational institutions mentioned above in Uzhavoor division in Kottayam district, Kerala at the earliest.

(xvi) Need to set up Chambal Water Commission for distributing water of Chambal river between Madhya Pradesh and Rajasthan

श्री अशोक अर्गल (मुरैना) : उपाध्यक्ष महोदय, मध्यप्रदेश के मुरैना-श्योपुर एवं भिण्ड जिले को चम्बल नहर से पानी मिलता है जिससे लाखों किसान अपने खेतों को सिंचित करते हैं, परन्तु म.प्र. के हिस्से का 3900 क्यूसिक पानी समय पर नहीं मिलने से किसानों की फसल बर्बाद हो जाती है तथा राजस्थान सरकार पानी समय पर नहीं देती है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि पानी बटवारे का निराकरण हो तथा चम्बल आयोग का गठन किया जाये।

14.28 hrs.

DISCUSSION UNDER RULE 193

(i) Serial Bomb Blasts In Delhi
(ii) Terrorist Violence In Jammu And Kashmir
(iii) Naxalite attacks In Jehanabad, Bihar on 13.11.2005
and
(iv) Naxalite Attack at Home Guard Training Centre, Giridih, Jharkhand on 11.11.2005

MR. DEPUTY-SPEAKER: Hon. Members, I have an announcement to make.

The House would now take up discussion under rule 193, as listed. Shri Ajoy Chakraborty was to initiate the discussion. However, Prof. Vijay Kumar Malhotra has requested the hon. Speaker that he might be allowed to initiate the discussion. Hon. Speaker has expressed his thanks that Shri Ajoy Chakraborty has kindly consented to allow Prof. Malhotra to initiate the discussion. Shri Ajoy Chakraborty would be called to speak after Prof. Malhotra.

Prof. Vijay Kumar Malhotra may now initiate the discussion.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (दक्षिण दिल्ली) : उपाध्यक्ष महोदय, आज हम एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय आंतरिक सुरक्षा पर इस सदन में चर्चा करने जा रहे हैं। माननीय गृह मंत्री जी द्वारा दिल्ली में हुये बम बलास्ट, श्रीनगर में हुये बम विस्फोट और जहानाबाद में माओवादियों तथा नक्सलवादियों द्वारा की गई हिंसा से संबंधित तीनों विषयों एवं अन्य कई विषयों पर इस सदन में वक्तव्य दिया गया था।

उपाध्यक्ष महोदय, माननीय गृह मंत्री जी ने उस दिन जो वक्तव्य दिया, वह चाहे दिल्ली में हुये बम बलास्ट के बारे में हो, चाहे श्रीनगर में होने वाली आतंकवादी घटना हो, चाहे जहानाबाद में आतंकवादियों और नक्सलवादियों द्वारा की गई वारदात हो, वे सब इस सरकार की सोच का परिचायक थे कि बिलकुल कैज़ुअल तरीके से और सरसरी तौर पर या कर्मकांड के आधार पर उन्होंने अपना वक्तव्य दिया।

आज 32 दिन हो गये हैं दिल्ली में बम विस्फोट हुए। हम सब जानते हैं कि दीवाली से दो दिन पहले दिल्ली में तीन जगहों पर बम विस्फोट किये गये। दिल्ली एक बार फिर से धधक उठी, धू-धू करके अनेक मार्केट जल रहे थे और

उनके साथ ही कई चिराग दीवाली की रात से पहले यहां बुझ गये। अनेक बच्चे अनाथ हो गये, कई महिलाएं विधवा हो गईं । 70 लोग मारे गये और 300 से ज्यादा लोग जख्मी हो गये। यह एक ऐसा नृशंस हत्याकांड था कि उन शवों को देखने के लिए भी लोहे का दिल चाहिए था हमने उन शवों को देखा था। 32 दिन बीतने के बाद आज क्या स्थिति है, उस विषय में समाचार पत्रों में जो लिखा गया है, उसे देखने की आवश्यकता थी। अगर उन सबको देखा जाता तो शायद गृह मंत्री जी अधिक संवेदना के साथ, अधिक दृढ़ता के साथ अपनी कुछ बातें कह सकते थे। समाचार पत्रों ने लिखा कि 70 लोगों की मृत्यु हो गई, 300 से ज्यादा लोग घायल हुए, 19 लोग आज भी अस्पतालों में हैं और चार शवों की अभी तक कोई पहचान नहीं हो पायी है। अनेक शवों का अनेक परिवारों ने मिलकर संस्कार कर डाला । उन शवों की पहचान नहीं हो सकती थी और पहचान न होने के कारण उनके संबंधी और रिश्तेदारों ने मिलकर सामूहिक तौर पर उनका संस्कार किया था। एक समाचार में कहा है कि Even after 31 days the mother does not know where her son has gone. मां घायल अवस्था में हैं, इसलिए उसे आज भी पता नहीं है कि उसके बच्चे की मृत्यु हो चुकी है। ""I have still not told my wife that our child is dead. My wife has finalised a name for her baby. She keeps asking about her and sooner or later I have to tell her that her baby is dead."

उपाध्यक्ष महोदय, हमने पीड़ित परिवारों के घरों में जाकर देखा, उनसे बातचीत की। रोंगटे खड़े कर देने वाली उन परिवारों की स्थिति है। एक परिवार में Parents and grand parents are dead now. माता-पिता उसी दिन मर गये। एक मात्र

संभालने वाला जो दादा था, वह उसी दिन से बीमार हो गया, जो उन बच्चों को पाल सकता था, उसकी भी मृत्यु हो गई। दिल्ली में जो उस समय परिस्थितियां निर्मित हुईं, उनके विषय में सही प्रकार से इस बात को कहा गया "the serial explosions that ripped through Delhi leaving 70 dead and more than 100 injured were the biggest terrorists' strike in India outside Kashmir since the Bombay blasts of 1993; unlike the attack on Parliament in 2001 or even in Red Fort in 2000. The Delhi bombings were not directed at the symbols of the State but at the heart of the nation, their targets were not institutions of power but people, average Indians everywhere." हिंदुस्तान के दिल दिल्ली के ऊपर यह पहला आक्रमण नहीं था, इससे पहले भी ऐसी घटनाएँ हुई हैं। हम सब इस बात को जानते हैं कि आम तौर पर दीवाली से पहले, त्यौहारों से पहले उन आतंकवादियों के मन में एक खौफ पैदा किया जाता था, उन्हें रोकने की कोशिश की जाती थी और इसीलिए वर्षों तक ऐसी कोई घटना नहीं हो पाई। परंतु इस बार दीवाली औऱ ईद के पहले कोई इस प्रकार का प्रबंध नहीं किया गया। यह कहना बिल्कुल गलत है कि किसी बाजार में पुलिस के पूरे प्रबंध थे, वहां कैमरे लगे थे। आतंकवादियों ने आकर कई दिन पहले देखा कि बाजारों में कोई पुलिस प्रबंध नहीं है । जब डार को कोर्ट में पेश किया गया तो उसने बताया कि उसे लश्करे तैय्यबा ने भेजा, उसने आकर देखा कि कौन-कौन से बाजार बिल्कुल खाली रहते हैं, जहां पुलिस का कोई प्रबंध नहीं है। इसलिए उन्होंने इन जगहों को छांटकर वहाँ आक्रमण किया। अब जिस डार को पकड़ा गया है, उसके बारे में गृह मंत्री जी ने उल्लेख किया कि उसे गिरफ्तार किया गया है। परंतु यह भी सब जानते हैं 29/10 को बम फैंकने वाले फरार हैं ।

बम डालने वाले पकड़े नहीं गये जिन्होंने दिल्ली में विस्फोट किए । जिन्होंने इतने लोगों की नृशंस हत्या की, उनमें से किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई उन्हें धन देने वाला, षडय़ंत्र रचने वाला - डार, केवल वहीं पकड़ा गया । गिरफ्तारी के बाद जो बयान उसने न्यायालय में दिया है, वह अत्यधिक रहस्योद्घाटक है, हमारे लिए अत्यधिक चिंताजनक है। उसने बताया कि किस तरह से लश्करे तैय्यबा ने उसे जेहाद में लगाया। उनसे उसे कितने रूपये मिले । पाकिस्तान से उसे कितने रूपये मिले, कैसे पाकिस्तान में जेहादियों से उसकी बातचीत हुई। यह समाचार "Dar in court admits Pak hand in Delhi blasts" has appeared in the newspaper. उसने साफ तौर पर बताया कि पाकिस्तान ने किस प्रकार से इन सारी घटनाओं को अंजाम दिया।

अध्यक्ष महोदय, मैंने कहा कि बम विस्फोटक में से कोई पकड़ा नहीं गया। मैं इससे अधिक महत्व की एक दूसरी बात आपके सामने रखना चाहता हूं। श्री शिवराज जी ने सदन में बयान देते हुए कहा था कि उन्हें, उनकी पुलिस को इसकी कोई पूर्व सूचना नहीं थी। मुझे आश्चर्य हुआ जब उन्होंने कहा कि दिल्ली में हमला होने के संबंध में पहले से कोई जानकारी नहीं थी या पहले कोई चेतावनी प्राप्त नहीं हुई थी । यह पूरी तरह से असत्य और मिथ्या बयान है। सारे समाचार पत्रों ने और पुलिस ने इस बात को स्वीकार किया है कि इन बम विस्फोटों की पहले से चेतावनी थी। केवल चेतावनी ही नहीं थी, बल्कि 13 अक्तूबर 2005 को समाचार पत्रों में छपा था कि Hyderabad and Cyberabad Police have stepped up security for American companies and US nationals following the alarm

out by United States' Embassy on likelihood of terrorist attacks against establishments and citizens in Hyderabad, New Delhi, Bombay and Calcutta. समाचार पत्रों में उस दिन यह छपा और सारे पुलिस के अधिकारियों ने इस बात को माना और विस्फोट वाले दिन कहा कि हमें सूचना थी और हमने इसीलिए चांदनी चौक में एक बम पकड़ भी लिया था। मेरी राय में यह मामला संसदीय प्रिविलेज का भी बनता है कि सदन में गृह मंत्री जी यह कह दें कि कोई पूर्व चेतावनी नहीं थी। जबकि चेतावनी थी फिर यह तो सामान्य चेतावनी हर त्योहार से पहले रहती है। हर त्योहार से पहले इस बात की आशंका रहती है इसलिए इस दीवाली से पूर्व यह कहना कि चेतावनी नहीं थी, गृह मंत्रालय को मालूम नहीं था, अचानक आतंकवादियों ने हमला कर दिया - यह ठीक नहीं है। अमेरिकन अधिकारियों ने अपनी एम्बैसी को लिखा और कहा कि दिल्ली, हैदराबाद, बंगलौर और कोलकाता में हमला हो सकता है। इसके बाद भी यह कहना कि हमें पता नहीं था, यह निष्क्रियता और आपराधिक लापरवाही नहीं तो और क्या है?

अध्यक्ष जी, गृह मंत्रालय की विशेष शाखा को विस्फोट से पहले खुफिया जानकारी मुहैया कराई गई थी लेकिन वे उस पर कार्रवाई नहीं कर सके। संसद पर हमले के बाद यह दिल्ली में सबसे ज़बर्दस्त विस्फोट हुआ और वह भी एक प्रमुख त्योहार से पहले हुआ जिसको रोकने में सरकार नाकाम रही। आतंकवादियों से निपटने का एक तरीका यह है कि उन्हें महत्वपूर्ण मौकों, गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और त्योहारों से पहले आतंकित किया जाए। इस साल उसका पालन नहीं किया गया और उसका भयावह नतीजा हमारे सामने आया। इसके बाद जो

वक्तव्य गृह मंत्री जी ने दिए और मनमोहन सिंह जी ने भी जिसका उल्लेख किया कि आतंकवादियों की घिनौनी कोशिशों को हम कामयाब नहीं होने देंगे। आतंकवाद हमें नहीं डरा सकता, आतंकवाद कामयाब नहीं होगा। अध्यक्ष महोदय, इन बयानों का क्या मतलब है? जिस देश में 80000 लोग आतंकवाद के हाथों मारे जा चुके हैं और लाखों-करोड़ों रुपये की संपत्ति नष्ट की जा चुकी हो, वहां यह बयान देने का क्या अर्थ है कि आतंकवादियों की घिनौनी कोशिशों को कामयाब नहीं होने देंगे? विश्व में सबसे अधिक आतंकवाद से ग्रस्त हिन्दुस्तान है। आप कह रहे हैं कि हम आतंकवाद को कामयाब नहीं होने देंगे। दिल्ली में 70 आदमियों को मार डाला गया और 300 को घायल कर दिया गया, बम से उनके ऐसे चिथड़े उड़ा दिये गये कि उनकी शक्लें भी पहचानी नहीं जा रही थीं, वहां ये कह रहे हैं कि आतंकवाद कामयाब नहीं हो रहा है। वास्तव में तो आतंकवाद अपने उद्देश्य में कामयाब हो रहा है। प्रधान मंत्री का कहना है कि आतंकवाद हमें डरा नहीं सकता। प्रश्न यह है कि क्या हम आतंकवाद को, आतंकवादियों को डरा सकते हैं या नहीं। सवाल यह नहीं है कि आतंकवाद से हम भयभीत होंगे या नहीं, सवाल यह है कि क्या आतंकवाद हमसे भयभीत होगा या नहीं, आतंकवाद हमसे डरेगा या नहीं, आतंकवाद को हम खत्म कर सकेंगे या नहीं। आतंकवाद हमें खत्म नहीं कर सकता यह हम जानते हैं। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए यह कहना बहुत घिसा-पिटा और पुराना तरीका है कि आतंकवादी आए और हमले में 70 आदमी मर गए, परंतु फिर भी लोगों ने कामकाज जारी रखा, हम डरे नहीं, हम उसी तरह से फिर कामकाज कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर में 60000 लोग मारे गए और कहते हैं कि

आतंकवादी हमें भयभीत नहीं कर सके। ऐसा लगता है कि हमने इतिहास से कोई सबक नहीं सीखा है। यही बात हम कहते थे कि महमूद गजनवी आया, हमला किया और वापस चला गया। हमने कहा कि हमारा क्या बिगाड़ गया, कुछ लोगों को मार गया। हम फिर भी जिंदा हैं और कामकाज में लगे हैं उसके बाद वह दोबारा आया और फिर बार-बार आया। क्या आतंकवाद से हम उससे भयभीत नहीं होते और हत्याओं के बावजूद हम अपना काम कर रहे हैं। यह बहुत ही घिसा-पिटा, पुराना, विनाशक और बहुत ही कायराना .*प्रतिक्रिया है। यह कहना कि हम पाकिस्तान से डर नहीं रहे हैं। यह कैसी प्रतिक्रिया है? पाकिस्तान से डरने का सवाल नहीं है। क्या पाकिस्तान इस तरह की हरकतें करते हुए हमसे डरता है? क्या हम इस पाकिस्तान से दो टूक बात कर सकते है या नहीं ? मुझे बहुत आश्चर्य हुआ, जब माननीय गृह मंत्री जी ने बयान दिया कि दिल्ली के बम विस्फोटों के संबंध में पड़ोसी देश पर शक की निगाह जा रही है। उसकी ओर से ही आतंकवादी घटनाएँ हो रही है। क्या उस पड़ोसी का नाम लेने में तकलीफ होती है, उसका नाम लेने में कष्ट होता है, घूंघट क्यों डाल रखा है? हमारे यहां बड़े लोगों के नाम नहीं लिए जाते हैं? पाकिस्तान का नाम लेने से आपको घबराहट क्यों होती है। पाकिस्तान का नाम लेने में क्या तकलीफ होती है? हमारी सेना के अधिकारी कह रहे है। पाकिस्तानी जो पकड़े गए हैं, वे भी इस बात को कह रहे हैं कि इसमें पाकिस्तान का हाथ है। जितने लोग अयोध्या में आक्रमण करने वाले थे, राम मंदिर पर हमला करने वाले पकड़े गए थे, वे सभी पाकिस्तानी थे। दिल्ली में कम से कम दो सौ पाकिस्तानी आतंकवाद के आरोप में पकड़े गए। इतना

आरडीएक्स बरामद हुआ, जिससे सारी दिल्ली को नष्ट किया जा सकता था, कहते हैं कि उसका नाम नहीं लेंगे । यदि आप नाम नहीं लेंगे, तो विश्व के देशों में आतंकवादी पाकिस्तान के बारे में स्थिति को कैसे स्पष्ट करेंगे? किस प्रकार से इस बात को कहेंगे और ऐसा कहने का अधिकार हमें कैसे मिलेगा कि पाकिस्तान ये सभी आतंकवादी गतिविधियां हमारे देश में करवा रहा है। हम ही नाम नहीं ले रहे हैं, तो पाकिस्तान जो आतंकवादी गतिविधियां चला रहा है, उसके बारे में हमारे सेनाधिकारी कह रहे हैं कि आईएसआई और पाकिस्तान यह सब कर रहा है। पाकिस्तान द्वारा सारे देश में आतंकवाद फैलाने के प्रयास पहले की तरह ही कायम हैं।

दिल्ली के विस्फोटों के संदर्भ में इस घिसे-पीटे तर्क का कोई मूल्य नहीं है कि आतंकवादी हताश हो कर यह सब कर रहे हैं। सच्चाई यह है कि दिल्ली की घटना आतंकवादियों के दुस्साहस का परिचायक है। यह उनकी निराशा का परिचायक नहीं है यह उनका दुस्साहस है, एक साजिश है, उसका यह नतीजा है।

सदन में कश्मीर पर बयान दिया गया उसमें यह कहा गया कि जिस दिन हमारे मित्र श्री आजाद साहब वहां पर मुख्यमंत्री बन कर गए, उनकी ताजपोशी हो रही थी, उस समय आतंकियों ने आजाद साहब को तोहफा दिया और 12 लोग मारे गए। अखबारों में छपाः "Jaish

*Expuinged as ordered by the Chair

car bomb kills seven a day before Azad took charge in Srinagar". "Hours before Ghulam Nabi Azad was sworn in as new Chief Minister of Jammu & Kashmir today, a powerful explosion of Srinagar outskirts killed seven people including four civilians. Jaish-e-Mohammed later called a local news agency and claimed responsibility for the blast." "Terror gift for Azad on day one. Suicide Bomb. Five killed." "सीआरपीएफ शिविरों पर हमला", "कश्मीर में दो आतंकवादियों सहित पांच मारे गए। " तीन दिन तक लगातार विस्फोट होते रहे। कुल-मिला कर 40-50 लोग मारे गए । पाकिस्तान के साथ कैसी-कैसी बातें हुईं, ये सब समाचार पत्रों में आया है। कश्मीर में ऐसी भीषण स्थिति है और मंत्री महोदय क्या कह रहे हैं - गृह मंत्री जी कह रहे हैं कि जब कभी भी कश्मीर में नया शासन आता है, तो ऐसी घटनाएँ होती है।

उपाध्यक्ष महोदय, इससे ज्यादा कोई और क्या वीभत्स वक्तव्य हो सकता है कि जब सरकार बदलती है, जब नया शासन आता है, तो वहां ऐसी आतंकवादी घटनाएं होती हैं। जब श्री गुलामनबी आजाद वहां नए मुख्य मंत्री के पद की शपथ ले रहे थे तब वहां आतंकवादी घटनाएं घटीं। "They have taken their own time." इससे पहले जब श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने शपथ ली, तब भी वहां आतंकवादी घटनाएं हुईं। जब-जब नया शासन आया, तब-तब आतंकवादी घटनाएं हुईं, क्या ऐसा उत्तर लोक सभा में दिया जाना चाहिए ?

यदि आपको पता था कि जब भी नया शासन आता है, तब आतंकवादी घटनाएं होती हैं और चूंकि मुफ्ती मोहम्मद साहब हट रहे थे और श्री गुलाम नबी आजाद साहब आ रहे थे, इसलिए आतंकवादी घटनाएं हुईं, तो आपने उन्हें रोकने

के लिए क्या किया ? पूर्वानुमान होते हुए आपने आतंकवादी घटनाओं को क्यों नहीं रोका ?

उपाध्यक्ष महोदय, जब ये घटनाएं वहां हो रह थीं, उससे पूर्व वहां बहुत बड़ा भूकम्प भी आया जिसके कारण वहां बहुत ज्यादा तबाही हुई। हमारे कश्मीर में भी तबाही हुई। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में भी तबाही हुई। स्वाभाविक तौर पर उनकी सहायता की जानी चाहिए थी और हम कर भी रहे थे। हमने पाकिस्तान को 25 मिलियन डॉलर दिए। हमने लगभग 100 करोड़ रुपए पाकिस्तान भेजे और हमने पांच जगह सीमा खोली और ऐसा कर हमने उनका विश्वास जीतने का प्रयास किया । यह मानवता के आधार पर किया जाना चाहिए था और हमने यह किया।

लेकिन उसका परिणाम क्या हो रहा है ? हमारी सेना के उच्चाधिकारी कह रहे हैं कि भूकम्प आने के बाद और सीमाएं खोलने पर लगभग 400-500 आतंकवादी श्रीनगर में घुस आए हैं। उन्हें रोकना सम्भव नहीं हो सका। अब वे वहां आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, क्या मानवता के आधार पर किए गए काम का नाजायज लाभ पाकिस्तान को उठाना चाहिए, क्या ऐसा करना उनके लिए उचित है ? इस प्रकार की आतंकवादी गतिविधियां वे वहां से हिन्दुस्तान आकर क्यों रहे हैं, क्यों दिल्ली में बम विस्फोट कर रहे हैं ? इस प्रश्न को कौन उठाएगा और किसके साथ उठाया जाएगा ? क्या हमारी प्राथमिकताओं में यह है कि हम आतंकवाद को रोकें

या प्राथमिकता यह है कि हम बॉर्डर को खोल दें, एल.ओ.सी. को खोल दें और उसका अनुचित लाभ वे लोग उठाते रहें ?

महोदय, हमने पाकिस्तान को 100 करोड़ रुपए दिए, लेकिन उस सहायता का क्या हो रहा है, क्या किसी ने देखने की कोशिश की ? जो पैसा वहां जा रहा है, कहा जा रहा है कि उससे भूकम्प पीड़ितों को मकान बनाकर नहीं दिए जा रहे। जो धन यहां से जा रहा है, उसका उपयोग क्या हो रहा है, इसको कोई देखने वाला नही है। पाकिस्तान के सदस्यों ने अपनी पार्लियामेंट में स्वयं कहा कि बजाय भूकम्प पीड़ितों की सहायता करने के पाकिस्तान हथियार खरीद रहा है। विदेशों से उसे 5 बिलियन डॉलर की मदद मिली है, उससे वह हथियार खरीद रहा है। भारत में आतंकवादियों को भेजकर आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देकर हमारी सहायता का नाजायज फायदा उठा रहा है। पाकिस्तान के अंदर भूचाल के कारण जो विनाश हुआ था, उसे वह नहीं बना रहा है, बल्कि जो आतंकवादियों के अड्डे थे और आतंकवाद का जो जो इफ्रास्ट्रक्चर तहस-नहस हो गया था, हमारी सहायता राशि से वह उसे बनाने में लगा हुआ है। क्या हमें यह नहीं पूछना चाहिए कि जो रुपए हम सहायता के रूप में दे रहे हैं, वे कहां जा रहे हैं ?

महोदय, भारत ने कहा था कि हमारे लोग भूकम्प पीड़ित क्षेत्रों में जाएंगे और लोगों को सहायता पहुंचाएंगे, लेकिन पाकिस्तान ने मना कर दिया कि सहायता हमें दे दो, हम पहुंचाएंगे, भारतीयों को वहां नहीं जाने दिया गया। पूरी दुनिया को मालूम है कि जब हिन्दुस्तान के गुजरात राज्य में भूकम्प आया था, तो हमने सबसे कहा कि वहां जाओ, देखो और जो सहायता कर सकते हो, करो।

हमने किसी देश को वहां आने से नहीं रोका, लेकिन पाकिस्तान कहता है कि हमें रुपए दे दे, हमें सहायता दे दो, हम पहुंचाएंगे, हिन्दुस्तानियों को अपने क्षेत्र में नहीं जाने देंगे।

प्रेम लता मैं बताना चाहता हूं कि जो सहायता पाकिस्तान को भूकम्प पीड़ितों को दे रहे हैं, वह जेहादियों के हाथ में जा रही है। वे अपना इफ्रास्ट्रक्चर फिर से बिल्ट कर रहे हैं। सहायता का लाभ जेहादी और आकंतवादी उठा रहे हैं। क्या हमने अपने 100 करोड़ रुपए जेहादियों को उनका इफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए दिए, क्या हमने पाकिस्तान को वह सहायता हथियार खरीदने के लिए दी ? इस बारे में हमारी गवर्नमेंट पाकिस्तान से बात क्यों नहीं करती है ? हमारी गवर्नमेंट बजाय इस बारे में बात करने के, उल्टे कहती है कि पाकिस्तान से हमारी बातचीत जारी रहेगी। कॉन्फीडेंस बिल्डिंग मैजर्स के नाम पर हमारी सीमाएं खोली जाएंगी, हमारी एल.ओ.सी. खोली जाएगी, जो हमारी बातचीत चल रही है, वह चलती रहेगी।

उपाध्यक्ष महोदय, हमारे एक इंटैलीजेंस ऑफीसर ने जो स्टेटमेंट दिया था, मैं उसके बारे में बताना चाहता हूं।

You cannot hold hand with General Musharraf in New York and refuse to castigate Pakistan for its continued support to cross border terrorism except to fight terror in India. आप मुशर्रफ जी से बातचीत करें और उसके बाद वहां पाकिस्तान का नाम लेने से भी इन्कार कर दें कि पाकिस्तान ये सारी आतंकवादी

घटनाएं कर रहा है। फिर यह उम्मीद करें कि हमारे सैनिक, सैन्यबल, यहां नई दिल्ली में और वहां जाकर टेरेरिज़्म को खत्म करें, आतंकवाद के खिलाफ लड़ें। समझ में नहीं आता कि यह गवर्नमेंट कौन सा मेसेज़ उन्हें देना चाहती है या सरकार क्या संदेश देना चाहती है। टेरेरिज़्म खत्म करने का संदेश देना चाहती है या पाकिस्तान से दोस्ती का संदेश देना चाहती है। पाकिस्तान टेरेरिज़्म करता जाए और फिर भी हमारा दोस्ती का हाथ बढ़ता ही रहेगा। अगर यह स्थिति है तो कौन वहां जाकर उनसे लड़ सकता है या झगड़ सकता है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपको यह स्टेटमेंट पढ़ कर सुनाता हूं। मुज़ामिल जलील का, वहां के रिपोर्टर का स्टेटमेंट है - "Terror sneaks in through quake cracks -- When the devastating earthquake set off a fresh wave of peace and cooperation along the Line of Control, the J-K Police says, foreign militants infiltrated into the Valley in large numbers. Around 125 of them are suspected to have entered Srinagar city which has witnessed a sudden spurt of *fidayeen* and car bomb attacks." ये श्रीनगर से हमारी सेना, पुलिस का बयान है। वहां पर मुज़ामिल जलील ने इस बयान को दिया। आगे फिर कहा है, हमारे वहां जो जनरल हैं, Col. V. K. Batra said that the Army foiled three to four infiltration bids since the quake. "We killed 21 militants trying to infiltrate. However, some groups might have managed to sneak in taking advantage of the post-earthquake situation," he said. He too put the number of militants operating inside Srinagar city at around 100 as per the figures of various intelligence agencies.

उपाध्यक्ष महोदय, क्या दुनिया में कोई देश ऐसा हो सकता है कि भूकम्प आए और उसका फायदा उठा कर, भारत जो उसकी सहायता कर रहा है, उसी के

खिलाफ वे अपना जेहाद शुरु कर दें। यह स्थिति वहां की है। इसलिए मैंने आपसे उल्लेख किया कि यह जो काश्मीर के अंदर स्थिति है, और उनके दोनों बयान, जो कि हमारे सामने कहे गए, उन बयानों के बारे में यह स्थिति है।

उपाध्यक्ष महोदय, यहां अमेरिका के विषय में भी, हालांकि 9/11, जो अमेरिका में हुआ था, उसकी जांच के लिए उन्होंने एक कमीशन बनाया था और वह जो कमीशन था, उसका यह कहना है- "Pakistan continues to be a sanctuary and training ground for terrorists, a report on the status of recommendations made by the 9/11 Commission on terror attacks in the US has said, asking Washington to put pressure on the Government of Gen. Pervez Musharraf to stop the menace in his country and also in Kashmir. "Pakistan remains a sanctuary and training ground for terrorists," said a report by Mr. Lee Hamiliton, the Vice-Chairman of the 9/11 public disclosure project, which examined action taken by the US administration on the recommendations of the Commission that probed."

उपाध्यक्ष महोदय, उसने आगे कहा है - "Taliban forces still pass freely across Pakistan-Afghanistan border and operate in Pakistani tribal areas. Terrorists from Pakistan carry out operations in Kashmir. Finally, the results."

उपाध्यक्ष महोदय, अमेरिका इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि पाकिस्तान कश्मीर के आंतकवाद को बढ़ावा दे रहा है परन्तु अमेरिका का रवैया आतंकवाद के प्रति ठीक नहीं है। वे एक तरफ तो कहते हैं कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ विश्वभर में लड़ेगा और दूसरी तरफ सबसे अधिक आतंकवादी देश पाकिस्तान की वह खुली मदद भी कर रहा है, उसे धन देता है, हथियार देता है और पाकिस्तान

से जो कश्मीर में आतंकवादी घटनाएं होती हैं उसे रोकने के लिए, पाकिस्तान पर दबाव नहीं देता।

वैसे तो अमेरिका ने ही तालिबान को पैदा किया था, अमेरिका ने ही दुनिया में बहुत से आतंकवादी संगठनों को पैदा किया, परन्तु आज पाकिस्तान भी.(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Do not make running commentary, please.

मल्होत्रा जी, आप कण्टीन्यू करें।

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : उपाध्यक्ष जी, उसे आगरा से हमने खाली हाथ वापस भेज दिया था। आपकी तरह से तश्तरी में रखकर उनको कश्मीर का एक तिहाई हिस्सा नहीं दिया, हमने उससे जमीन खाली करा ली थी।.(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Kunwar Manvendra Singh, why are you interfering? Please sit down.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : हमने एक इंच जमीन नहीं दी, आपने हिन्दुस्तान की एक लाख किलोमीटर जमीन पाकिस्तान और चीन को दे दी।.(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आपको किसी ने बोलने का टाइम दिया है? Mr.Manvendra Singh, please take your seat.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : उपाध्यक्ष जी, मैं आप से जिक्र कर रहा था कि जो दबाव अमेरिका को देना चाहिए था और कम्युनिस्ट भाई इस बात का जिक्र कर रहे थे और अमेरिका की और बातों के बारे में कह रहे थे, वोल्कर रिपोर्ट का आज जिक्र नहीं है। उसमें भी समर्थन किया क्योंकि अमेरिका की बात है। यह सरकार जितनी अमेरिकापरस्त है, इतनी आज से पहले कभी कोई सरकार नहीं रही। अमेरिका के आगे पूरे घुटने टेके हुए हैं। अमेरिका से मिलकर यहां पर सैन्य

अभियान पूरा होता है। अमेरिका के साथ मिलकर यहां पर हम ईरान के खिलाफ सैंक्शंस करते हैं। अमेरिका के साथ मिलकर हम परमाणु बम सन्धि पर हस्ताक्षर करते हैं। परन्तु अमेरिका से भी हमें इस बात को कहना चाहिए.(व्यवधान)

SHRI AJOY CHAKRABORTY (BASIRHAT): They are more Americans than you. (*Interruptions*)

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : अमेरिका से भारत को बात करनी चाहिए थी। परन्तु अगर हम खुद ही पाकिस्तान की निन्दा नहीं करेंगे तो अमेरिका से क्या कहेंगे। परन्तु अमेरिका के साथ जब कभी बातचीत हो तो पहला सवाल यह होना चाहिए कि ब्रिटेन की पार्लियामेंट में दिल्ली के बम विस्फोटों पर विचार किया गया। "Delhi Bomb blast question was discussed in the British Parliament. प्रस्ताव में कहा गया 'Attack on one democracy is an attack on all democracies.' उन्होंने कहा कि आतंकवादी किसी भी रूप में कहीं भी हो, उसके खिलाफ सब को मिलकर लड़ना चाहिए और हम हिन्दुस्तान की मदद करने को तैयार हैं। सार्क सम्मेलन हो, ब्रिटेन की पार्लियामेंट हो, यू.एन.ओ. हो, फ्रांस हो, चीन हो, जिससे भी हमारी बातचीत होती है, सभी कहते हैं कि हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ना चाहते हैं। आतंकवाद के खिलाफ सारी दुनिया भर को एक सामुहिक प्रयास करना चाहिए परन्तु प्रश्न यह है कि क्या हिन्दुस्तान का आतंकवाद अन्य देश समाप्त करेंगे? सवाल यह नहीं है कि सारी दुनिया आतंकवाद से दुखी है, मदद करना चाहती है, लेकिन क्या हम खुद आतंकवाद खत्म करना चाहते हैं? क्या हमारी नीतियां आतंकवाद खत्म करने के लिए हैं या हमारी नीतियां आतंकवाद को प्रोत्साहन देने

के लिए हैं? मेरा आरोप है कि हम आतंकवाद को प्रोत्साहन दे रहे हैं, हम आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। हम आतंकवादियों को खुला छोड़ रहे हैं और उनका आसान निशाना बन रहे हैं, जब चाहे, जहां चाहे आकर वे आक्रमण करें, क्योंकि उनको मालूम है कि उनका कुछ बिगड़ने वाला नहीं है। दुनिया का कोई ऐसा देश है तो मुझे बताइये, जिसने आतंकवाद के खिलाफ कठोर कानून नहीं बनाये। कानून बनाये, भयंकर कानून बनाये और अत्यंत सख्त कानून बनाये हैं और हमने क्या किया, हमारे यहां एकमात्र पोटा का कानून था। हमारा ऐसा बदकिस्मत देश है, जहां दुनिया में सबसे ज्यादा आतंकवाद है, सबसे ज्यादा लोगों को जिसमें आतंकवादियों ने मारा है.(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record except the speech of Prof. Malhotra. कुछ रिकार्ड नहीं हो रहा है।

(Interruptions) .*

MR. DEPUTY-SPEAKER: Kunwar Manvendra Singh, please sit down.

. (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: It will not go on record.

(Interruptions) .*

* Not Recorded.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : आप जिस तरह से आतंकवाद को प्रोत्साहन दे रहे हैं, आने वाली पीढ़ियां आपको बताएंगी कि आपने क्या किया था। आप जब भाषण देंगे, वह आप तब बताइये। आपकी पार्टी के बहुत से स्पीकर्स बोलने वाले हैं, इसलिए सिब्बल साहब को बीच में बोलने की जरूरत नहीं थी। .(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : मंत्री जी, आपको तो नहीं बोलना चाहिए।

.(<u>व्यवधान</u>)

उपाध्यक्ष महोदय : मानवेन्द्र सिंह जी, आप बैठ जाइये।

<u>15.00 hrs</u>

. (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please sit down. Nothing is to be recorded.

(Interruptions) .*

MR. DEPUTY-SPEAKER: Not even a single word of other hon. Members is to be recorded.

(Interruptions) .*

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing is to be recorded.

(Interruptions) .*

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : उपाध्यक्ष महोदय, ब्रिटेन का कानून हमारे कानून से दस गुना ज्यादा सख्त है। अब वे एक और कानून बनाने जा रहे हैं। यह ठीक है कि भारत कोई पुलिस स्टेट नहीं है, हमारे यहां कोई एक तंत्र या राजतत्र नहीं है, लेकिन हमें यह भी तो समझना चाहिए कि हम आतंकवाद से ग्रसित देश हैं। हम आतंकवाद के खिलाफ जंग लड़ रहे हैं। आंतकवाद के विरूद्ध एक ही कानून था, जिसको हटा दिया गया। आप सभी को मालूम है कि अब पोटा समाप्त कर दिया गया है। अब यह भी कहा जा रहा है कि किसी अपराधी को फांसी नहीं दी जानी चाहिए। आतंकवादी कितने ही लोगों को मार दें, लेकिन अब उनको फांसी नहीं दी जाएगी। अब आंतकवादियों के विरूद्ध पोटा तो रहा नहीं बल्कि उनको महिमा-मंडित किया जा रहा है। गिलानी को नायक बनाकर पेश किया गया। इशरत को

जाकर एक लाख रूपये का ईनाम दिया गया था। जबकि वह आतंकवादी गुट में शामिल थी।

* Not Recorded.

मैं इस संबंध में अधिक नहीं कहना चाहता। तीसरा है, नक्सलवाद। जहांनाबाद के अंदर नक्सलवादियों द्वारा हमला किया गया। इसमें आंकड़े दिए गए हैं कि पिछले वर्षों में कितने आदमी मारे गए। नक्सलवादियों से कितने लोग प्रभावित हुए। नक्सलवाद की अब तक 1138 घटनाएं हुई हैं, जिनमें सात-आठ सौ व्यक्ति मारे जा चुके हैं। 2003 तक देश के 25 जिले नक्सलवाद से ग्रस्त थे, अब उनकी संख्या बढ़कर सवा सौ हो गई है। जब से यह सरकार आयी है, 6 महीने के अंदर-अंदर दो सौ जिले नक्सलवाद से ग्रस्त हो चुके हैं। नक्सलवाद इसलिए बढ़ रहा है क्योंकि आप अपने चुनाव के लिए उनसे हाथ मिलाते हैं, उनका उपयोग करते हैं, उनकी मदद लेते हैं। उनको अपने साथ लेकर चुनाव में चन्द सीट जीतने के लिए देश को बर्बाद करते हैं। यह नक्सलवादी कहां से आ रहे हैं? यह नेपाल से आ रहे हैं । नेपाल के 75 जिले नक्सलवाद से प्रभावित हैं। चीन उनको मदद नहीं कर रहा है, बल्कि उसने तो नेपाल के महाराजा को हथियार भेजे हैं। नक्सलवादियों को हिन्दुस्तान से हथियार भेजे जा रहे हैं। सीपीएम, सीपीआई, बंगाल और असम सभी उससे ग्रस्त हैं। नक्सलवादी जिस प्रकार से पूरे देश में फैलता चला जा रहा है, उसकी जिम्मेदार यह यूपीए सरकार है।

मैं एक ओर बात का उल्लेख करना चाहता हूं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक निर्णय में आईएमडीटी एक्ट को खत्म करने पर टिप्पणी की थी। यदि सरकार में

नैतिकता नाम की चीज है तो उसे सुनकर सचमुच उन्हें सिर शर्म से झुका लेना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बंग्लादेश से घुसपैठ, देश के ऊपर एक तरह से आक्रमण हो रहा है और हम उस पर पूरी तरह से ध्यान नहीं दे रहे हैं। हम उस पर ध्यान न देकर देश की आंतरिक सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बांग्लादेशियों को यहां से न निकालकर और आईएमडीटी एक्ट खत्म न करके इस देश की सुरक्षा को राजनीतिक पार्टियां, राजनीतिक नेतृत्व खतरे में डाल रहा है। उधर जस्टिस लाहौटी ने कहा कि आतंकवाद का खात्मा करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति चाहिए और इस समय यह राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं है।

पोलीटिकल विल नहीं है, इसलिए आतंकवाद के ऊपर काबू नहीं पाया जा सकता। अगर सुप्रीम कोर्ट के यह निर्णय आपके खिलाफ आते हैं प्रश्न यह नहीं है कि तब क्या हुआ था, नहीं हुआ था, किसने क्या किया था, परन्तु नीति का सवाल है। आप पोटा खत्म करेंगे, बंगलादेश से लोग आते जाएंगे, आप आतंकवादियों और नक्सलाइट्स से मिलकर चुनाव भी लड़ेंगे और देश की.(व्यवधान)

प्रो. राम गोपाल यादव (सम्भल) : कहां मिलकर चुनाव लड़ेंगे?.(व्यवधान)

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : आंध्र प्रदेश में चुनाव लड़ा, आसाम में चुनाव लड़ा, बिहार में उनसे मदद ली।.(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय,, मैं उल्लेख करना चाहता हूं कि चाहे नक्सलवादियों का मामला हो, जिसके बारे में यहां उल्लेख हुआ, चाहे कश्मीर के बम विस्फोट का

मामला हो, मैं इनसे कहना चाहूंगा कि हमें यह प्रयास करना चाहिए कि हमें दुनियाभर में पाकिस्तान के मनसूबों को साफ करना चाहिए। यह नहीं कि पाकिस्तान से हमारी बातचीत हो रही है, कहीं यह न चला जाए कि बातचीत में थोड़ी दिक्कत हो गई और हमारे माइनॉरिटी वोट न टूट जाएं। अल्पसंख्यक वोट लेने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ कदम नहीं उठाए जाते। आप आतंकवाद के खिलाफ भी इसलिए कदम नहीं उठाते कि आपके मुस्लिम वोटों पर फर्क पड़ जाएगा। आप उनके वोट लेने की खातिर देश को संकट में डाल रहे हैं।.(व्यवधान) हम आप पर आरोप लगाना चाहते हैं, हमारा प्रधान मंत्री श्री मनमोहन सिंह पर आरोप है, we charge him of betraying the confidence of our nation imposed on him for winning a few seats.

We impeach this Government of betraying the nation for vote bank politics. अब तो वोट बैंक पोलीटिक्स नहीं बल्कि नोट बैंक पोलीटिक्स हो गई है जो वोल्कर रिपोर्ट से साबित हुई।.(व्यवधान)

मैं कहना चाहता हूं कि

> "The waffling on Punjab and Manipur, the dismantling of the Hurriyat initiative through benign neglect and, finally the over-politicised withdrawal of POTA add up to formidable evidence of a combination of spinelessness and intellectual bankruptcy on issues of internal security. Surely, that is not what Shri Manmohan Singh wishes to end up with so soon in his tenure."

18 महीने के अंदर देश की आंतरिक सुरक्षा को इस सरकार ने तार-तार कर दिया। देश में किसी ने इसकी उम्मीद नहीं की थी। ऐसा न हो कि आप अल्पसंख्यक वोट के लिए, अपने वोट बैंक के लिए पाकिस्तान को, नक्सलवादियों

को, मदरसों को, बंगलादेश की घुसपैठ को उसी प्रकार बढ़ावा देते रहे और देश की सुरक्षा को तार-तार कर दें, ऐसा न हो कि मीर जाफर और जयचन्द का इतिहास फिर से लिखा जाए, उनके नाम के साथ आपको याद किया जाए। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि आंतरिक सुरक्षा खतरे में मत डालिए।

SHRI AJOY CHAKRABORTY (BASIRHAT): Thank you, Hon.Deputy Speaker, Sir. The subject of discussion arises out of tabling of the four statements made by the hon. Home Minister before this august House. Two statements relate to the naxal attacks and two statements relate to the incidents of fundamentalist militant group's attack. The naxal attack took place on 11th November 2005 at Giridih Home Guard Training Camp and police camp at Jharkhand.

Another attack was effected by the Naxalites on the 15th of November, 2005 at Jehanabad jail and also at other places in Jehanabad in the State of Bihar. Then, another incident of terrorist attack effected by fundamentalist militant groups, took place in the capital of country on the 29th of October this year. A series of terrorist attacks took place on the 14th, 15th and 16th of November this year in the State of Jammu and Kashmir during the time when our former Parliamentary Affairs Minister and our distinguished colleague, Shri Ghulam Nabi Azad took oath as the new Chief Minister of that particular State.

Sir, I heard, with rapt attention, the speech of Prof. Vijay Kumar Malhortra. He is a very senior colleague of ours. The impression I got from what he said was that he wants a total war to be declared against Pakistan as well as Bangladesh in order to curb this menace of militancy in our country. I would not like to dwell on that point.

Sir, two kinds of attacks are being talked about - one is the attack by the Naxalites and another is the attack by the fundamentalist militant groups. I would, first, like to refer to the Naxalite attack at Giridh in Jharkhand and at Jehanabad in Bihar. I do not agree with what has been said by Prof. Malhotra in regard to

Naxalite activities. He, in his speech, has accused the Government at the Centre saying that for the purpose of winning the last elections in the State, the Central Government had colluded with the Naxalite groups. The Central Government was hobnobbing with the Naxalite groups only for the purpose of winning the electoral battle in the State. That is not the fact.

Sir, we must have to find out the root cause as to why the Naxalite activities are taking place in our country. The Naxalite movements in different States like Jharkhand, Bihar, Maharashtra, Andhra Pradesh, Maharashtra have started because of some reasons. There are reasons behind it. What are those reasons? The reasons primarily are hunger, starvation and deprivation. It is since 58 years that we have got Independence. At the time of our Independence our leaders promised to the nation that we shall look after the welfare of the poor; we shall look after the welfare of the down-trodden; we shall look after those people who are living in the remote areas of this country, completely detached from the urban areas. But what has happened? Only some sections of people have grown richer by the day and a vast majority of people in this country have become poorer with passage of time.

Sir, who are these Naxalites? They are the people who have been deprived for all these years. They did not get land. Land reforms in the true sense has taken place only in three States, namely, West Bengal, Kerala and Tripura. Though a large number of States in this country have enacted legislation in regard to land reforms but the provisions of the Act has not been implemented in the States of Bihar, Madhya Pradesh, Andhra Pradesh, Maharashtra and such other States. There are in existence the *Kulaks* and the *Zamindars* in different States of our country. The lands are mostly occupied by these classes of *Kulaks* and *Zaminders.* The people belonging to the poorer sections of the society are mostly tribals or aboriginals and most of them belong either to the Scheduled Caste or to the Scheduled Tribes or to the *dalit* community. They are yet to be strengthened by the effect of the land reforms in this country.

Thousands and thousands of acres of land are wasted. Not a single *patta* is given to the tiller of the soil. They have got no land. They have become poorer and poorer day by day. We must go and look into the root causes of this problem. I think our colleagues will agree with me. Even Prof. Malhotra and his Party will agree with me that no AK-47 or the arms and ammunition or forces like the BSF can deal with the naxalites. They cannot combat the problem. Gun is not the solution to the naxal problem. The solution is that the poor and downtrodden people should be allotted land. They should be given their land back to them and should be given the right of the land which is their ancestral property. Due to poverty, they have sold it out to the landlords or some tillers or *kulaks*. Now the lands are in the hands of the landlords. Even after 57 years of our Independence, no land is distributed to the poor people excepting the States like West Bengal, Kerala and Tripura. No other State has done it. This is the fact. Nobody can deny it.

Who have created the naxal problem? The rulers of the country have created the naxal problem in our country. You go and see the position in big cities like Kolkata, Mumbai and Delhi. There are big five star hotels and behind them are the slums. The MPs and Ministers are enjoying their stay in the five star hotels like The Sheraton in Mumbai and Regency in Kolkata. There are big hotels in Delhi also. Behind such hotels are big slums. Poor people are living there. Why?

We are not supporting the political line of the naxalites. The CPI, the CPI(M) and other Left Parties have ideological differences with the naxalites. We do not support the political line of the naxals. But the question is more number of poor people are joining the naxal movement. They believe that this is the path and line they have to follow. They think that this is the line to follow against the people who are exploiting them. They are fighting against their exploiters. I urge upon the Government and the Opposition Parties to please implement the land reforms. They are capturing some State Administrations. I am urging you to eliminate poverty by implementing the land reforms. This is the only way to deal

with the naxals. The Chief Minister of West Bengal has declared it and the West Bengal Government has decided to start development works more vigorously in the villages and tribal areas. Our Chief Minister has requested the MPs of West Bengal to utilise the MPLAD funds for the development of the tribal areas. They are undeveloped. No development work has been done there since Independence. It is the duty of the State Government and the Central Government to look after proper implementation of the land reforms, proper development of the downtrodden people of the tribal areas and those who are living in the remote areas of the country. It is our duty to bring those people to the mainstream of the country so that they feel that they are living in the mainstream and are not subject to any sort of deprivation and negligence.

Coming to the aspect of fundamental militant group, my distinguished friend, Prof Malhotra said one point. I may be wrong. If I am wrong, I will be happy. He said that an immediate war should be declared against Pakistan to demolish Pakistan. He narrated some portions. But I say to Prof. Malhotra that humanity is above all these things. Indirectly he has been opposing opening the LOC to render financial assistance to the quake affected areas there.

He is opposing, in another way, to provide relief materials to the earthquake-victims of Pakistan. People of Pakistan are not our enemies. People of both Pakistan and India are friends. The common people of Pakistan want friendship with the people of India. We are Indians. We want friendship with the people of Pakistan. They are not our enemies. No doubt, their rulers create problems in our country. He was targeting Pakistan rulers and its President. I also agree with him. But the question is, who are the people who are pulling the strings from behind the scene. He said, that "I am happy, that the present Government is more pro-American than the NDA Government." I do not know which is more pro-American, whether it is the UPA Government or the NDA Government. I am not going into that matter. But the question is who are the creators of terrorism.*

* Expunged as ordered by the Chair.

MR. DEPUTY-SPEAKER: These names will not go on record.

(Interruptions) .*

SHRI AJOY CHAKRABORTY : **The terrorism created by the fundamental militant groups is not just affecting India. The day before yesterday there was a serious bomb blast in Chittagong and Gazipur areas of Bangladesh. It had happened in Jordan. It had happened in different countries of the world. It is not the problem of India alone. No doubt, it is the greatest problem of our country. . (*Interruptions*)

उपाध्यक्ष महोदय : जो नाम माननीय सदस्य ले रहे हैं, उनको डिलीट कर दीजिए।

SHRI AJOY CHAKRABORTY : This is happening and this has happened in different countries of the world. This had happened in Sri Lanka, in Pakistan, in Bangladesh, day before yesterday, in Jordan, in Egypt, in U.K. and in U.S.A. Who has created terrorism? America has created all these problems.

MR. DEPUTY-SPEAKER: This will be expunged.

(Interruptions) .*

SHRI AJOY CHAKRABORTY : They demolished Afghanistan. America destroyed Iraq. Is it for President Bush to decide as to who will be the President of Iraq?

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please do not mention the names of our friendly countries in this way. They are our friendly countries. Do not take their names in this way.

(Interruptions).*

SHRI AJOY CHAKRABORTY : Sir, respectfully, I would like to say that American people are our friends.

उपाध्यक्ष महोदय : आप नाम ले रहे हैं।

SHRI AJOY CHAKRABORTY : **

MR. DEPUTY-SPEAKER: I will not allow this. I will expunge them.

* Not Recorded.
* Expunged as ordered by the Chair.

SHRI AJOY CHAKRABORTY : Sir, when America attacked Iraq, a discussion took place in this august House. They indiscriminately attacked Iraq.

MR. DEPUTY-SPEAKER: You can speak without mentioning names.

SHRI AJOY CHAKRABORTY : They destroyed schools, colleges and hospitals in Iraq. They are the main terror**.** Our former Prime Minister Shri Atal Bihari Vajpayee went to New York and met President Bush and the present hon. Prime Minister, Dr. Manmohan Singh also met President Bush. He assured them that they will see to it that Pakistan stops cross border terrorism. The American President came here. He met our leaders. He went to Pakistan also. He met Pakistan's President and other leaders. What happened thereafter? Had he sincerely and seriously tried to stop cross border terrorism, he must have warned President Musharaf not to indulge in cross border terrorism in our country, particularly in Kashmir. . (*Interruptions*)

Who is sponsoring Jaish-e-Mohamad, Lashkar-e-Toiba and Hizbul Mujahideen? No doubt, Pakistan is sponsoring them. Had America been sincere, eager or serious to stop cross border terrorism and destabilising our country, they could have stopped it. They could have warned President of Pakistan not to indulge in any activity that destabilises India.

These things are going on.. (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please conclude your speech now. I have a long list of speakers with me.

SHRI AJOY CHAKRABORTY : I am sorry to say, I was the prime mover. (*Interruptions*) It is a request.. (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Your party time is only 4 minutes.

SHRI AJOY CHAKRABORTY : Sir, I should be given some more time. Actually, I have given the notice. You please see the List. . (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Your party time is only 4 minutes.

SHRI AJOY CHAKRABORTY : I shall conclude within 3 minutes. . (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Your party time was only 4 minutes but I have given you more than 15 minutes.

. (*Interruptions*)

SHRI AJOY CHAKRABORTY : Sir, I shall always carry out your orders. I shall conclude within 3 minutes.

Regarding the militant and fundamentalist groups, I say our Government should tread cautiously. I had a supplementary question day before yesterday also. Everybody knows what happened in Delhi. More than 60-70 lives had been lost. In one case, the children have lost their parents. Now, they have lost the grandparents after the assassination of their parents. The children are living under the blue sky. Even their father had taken a loan from a bank for construction of his house. Now, after the assassination of their parents and the death of their grandparents, the bank issued notice to the children to repay the loan taken for that house. Who will repay the loan of the bank?

Sir, I do not know whether the Government has declared ex-gratia relief to the victim families of those who were assassinated or were seriously injured. I do not know whether all the people have got the relief. After the intervention of hon. Speaker, I asked the Home Minister about this but there was no reply from him. During the course of the inquiry if it is revealed that there was a failure of the Intelligence Bureau or a failure of some police personnel or it was due to the negligent act of some police personnel, due to which that unfortunate happening took place in the heart of Delhi of our country, I urge the Government of India to modernize our police forces not only in Delhi but in other States also.

The Jharkhand Government as well as other States are urging the Government of India to render all possible financial assistance so that they can modernize their own police forces and armed forces. As regards Delhi police force, they are equipped with very sophisticated arms and ammunition. But the

position of other State Governments is that they are not getting or obtaining any financial assistance for upgrading and modernizing the police forces. I would urge before the Government of India to look into the matter seriously, tighten our security forces, upgrade and modernize all the police forces and boost the morale of the police forces so that they can combat with the militant and terrorist groups.

What happened in Kashmir? This is a new series of incidents which took place on the 14, 15 and 16 November of this year. This is a continuous process. So, we must earn the confidence of the people of the Jammu and Kashmir so that they can consider themselves the people of India. They can consider that they are the citizens of the independent country. If we do not boost the morale and earn the confidence of the people of Jammu & Kashmir, we cannot combat with these militant groups.

I would also like to draw the attention of the Home Ministry, because the Defence Minister is not here, that our Defence Forces, para-military forces, police forces should behave with the people of Jammu & Kashmir in a more friendly way. The people of Jammu and Kashmir should treat our forces as friend. The attitude of Force should be friendly to the people of Jammu and Kashmir. We should start a process to earn the confidence and faith of the people of Jammu and Kashmir. They are the citizens of independent India and they should not join the militant groups.

So, I hope the Government of India will look into the matter seriously and deal with the matter. I hope it is not a matter of any one political party or only the ruling party. It is a matter of the whole House. Cutting across party lines, we

should come together to fight against the militant groups and save our country from the hands of the militant groups sponsored by the foreign countries.

With these words, I conclude.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY AND MINISTER OF STATE OF THE DEPARTMENT OF OCEAN DEVELOPMENT (SHRI KAPIL SIBAL): Hon. Deputy-Speaker, Sir, I rise to intervene in the Discussion under Rule 193 raised by my good friend Prof. Malhotra.

Sir, I was very much saddened but not surprised by the tenor of the debate and the tenor of the comments made by my good friend. He started off by saying, by criticising the Prime Minister of India when he said that "we will not allow terrorism to succeed in India." He took exception to that statement and it is thereby implied that terrorism was successful in India.. (*Interruptions*) When the Prime Minister of India says "we will not allow terrorism to succeed" I hope he is speaking on behalf of the nation and that no political party in this country, no section of any community in this country will allow terrorism to succeed. When a leader of a major political party sitting in the Opposition says that terrorism is successful in India, I wonder what message he is sending to the terrorists in Pakistan. I think that leaders in the Opposition, merely because they are in the Opposition, should be concerned with national interest before they make statements like. They should not give a message to the terrorists that we are a nation divided. . (*Interruptions*) That message should never be given.. (*Interruptions*)

I remember that when terrorists attacked Parliament, when terrorists attacked the Akshardam Temple, when terrorists attacked our pilgrims on the Amarnath Yatra, when terrorists attacked people in Kashmir, when we were in the Opposition, we stood with the Government. So, I take exception to a party and to a leader of a party which calls itself nationalist, which is sending a message as if this is a nation divided.. (*Interruptions*)

आक्रमण किया था, जिस आक्रमण से हमने कारगिल को मुक्ति दी, अपनी भूमि को मुक्त कराया। इसलिए हमारा इतिहास इस बात का सबूत है कि हिन्दुस्तान ने कभी किसी पर आक्रमण नहीं किया है और न ही इस सदन से कभी भी किसी ने कहा है कि पाकिस्तान पर हम आक्रमण करें। पाकिस्तान पर आक्रमण करने की कोई जरूरत नहीं है। हम पाकिस्तान पर आक्रमण नहीं करना चाहते हैं। हम यह नहीं मानते हैं कि पाकिस्तान हमारा दुश्मन है। हम यह भी नहीं मानते हैं कि पाकिस्तान की जनता हमारी दुश्मन है। पाकिस्तान हमारा दुश्मन नहीं है, पाकिस्तान की जनता हमारी दुश्मन नहीं है, लेकिन पाकिस्तान के जो रूलर्स हैं, जो पाकिस्तान पर पिछले कई वर्षों से राज कर रहे हैं, वे हमेशा हिन्दुस्तान के दुश्मन रहे हैं, वे हमेशा हिन्दुस्तान के खिलाफ रहे हैं। उन्होंने हमेशा हिन्दुस्तान पर आक्रमण करने की कोशिश की है और हर आक्रमण का हमने मुकाबला धीरज के साथ किया है और हर आक्रमण को, चाहे वह पाकिस्तान का हो या चीन का हो, हमने उसे परास्त किया है। जैसा माननीय सदस्य श्री राम गोपाल यादव जी ने कहा, आज ऐसा समय आ गया है कि हम किसी पर भी आक्रमण नहीं कर सकते। आज का वातावरण इतना बदल गया है, दुनिया इतनी छोटी हो गयी है कि यदि कोई भी गलत कदम उठता है तो सारी दुनिया हमारे खिलाफ हो सकती है। आज का समय ऐसा नहीं है कि कोई अपनी बात को युद्ध के जरिए या लड़ाई के जरिए किसी के सिर पर थोप सके। लेकिन एक बात तो निश्चित रूप से हम कह सकते हैं कि जब हमारी राष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा की बात आती है, देश की सुरक्षा की बात आती है,तब हमें किसी भी तरह राष्ट्र की सुरक्षा के साथ कोई

समझौता नहीं करना चाहिए। हमारी सीमाओं की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए, हमारी सीमा की सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। हमें आक्रमण करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन हमें ऐसी मानसिकता बनाने की आवश्यकता है कि चाहे सरकार किसी की भी हो, देश की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाएगा। मैं आपके सामने एक उदाहरण देना चाहूंगा - जब हम सरकार में थे, माननीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी प्रधानमंत्री थे, जब आतंकवाद बढ़ा और आतंकवाद को खत्म करने के लिए अटल जी ने यह घोषणा की कि हम जम्मू-कश्मीर में अपनी सीमाओं के आस-पास स्थित जितने भी आतंकवादी हैं, उनकी कॉम्बिंग करके, उनको ढूंढकर खत्म किया जाएगा। जब उनकी और उनको खत्म करने का ऑपरेशन शुरू हुआ और इस ऑपरेशन के समय ही रमजान का महीना आ गया, तब अटल जी ने एकतरफा सीजफायर घोषित किया और कहा कि रमजान के महीने में हम हथियार नहीं चलाएंगे। जब इस बात पर सदन में चर्चा हुई, उस समय हमने इस कदम का विरोध किया था। हमने इसलिए विरोध नहीं किया था कि रमजान से हमारा कोई विरोध है। चाहे इस्लाम धर्म हो या कोई अन्य धर्म, अगर वे अपने त्यौहार मनाते हैं तो उससे हमारा कोई विरोध नहीं है, लेकिन रमजान के नाम पर सीजफायर की घोषणा की गयी और उसी समय रमजान के महीने में सबसे ज्यादा खून की नदियां आतंकवादियों ने बहाईं। हमारे पूर्व प्रधान मंत्री ने रमजान का सम्मान किया, ऑनर दिया, लेकिन आतंकवादियों का न कोई धर्म है, न मजहब है और न ही कोई त्यौहार है। उनके दिमाग में तो सिर्फ खून सवार है। इसलिए रमजान के

महीने में भी उन्होंने खून की नदियां बहाईं। जवान मारे गए, सिविलियन मारे गए, बूढ़े और बच्चे मारे गए। तब भी हमने सरकार में होते हुए विरोध किया था और कहा था कि आतंकवादी मानवता नहीं समझते हैं। आतंकवादी हर दिन मानवता की हत्या कर रहे हैं और हम मानवता की बातें कर रहे हैं। जो आतंकवाद कल तक जम्मू-कश्मीर तक सीमित था, आज वह देश के कोने-कोने में फैल गया है। हर राज्य में बम विस्फोट हो रहे हैं और कोई बड़ा शहर नहीं बचा है, इसलिए यह विषय मानवता का नहीं है। आतंकवादियों को उनके ही तरीके से जवाब देने की आवश्यकता है। इसलिए सरकार को इस तरह की मानसिकता बनाने की जरूरत है, भले ही वह सरकार एनडीए की हो, यूपीए की हो या किसी भी राजनीतिक दल की हो। सरकार को इस निर्णय पर आने और आतंकवादियों के खिलाफ कठोरता अपनाने की आवश्यकता है। यह संदेश आतंकवादियों को देने की आवश्यकता है कि भारत की सरकार आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मानसिकता को हम कैसे आतंकवादियों तक पहुंचा सकते हैं, उसके लिए एक ही उपाय है कि हमें सख्त कानून की आवश्यकता है।

जब लोक सभा में पोटा बिल पारित हुआ, तो राज्य सभा में वह पास नहीं हो सका। उसके बाद संसद का संयुक्त अधिवेशन बुलाकर पोटा बिल पास कराया गया। मैं इस बात को इसलिए दोहरा रहा हूं, क्योंकि जब गृह मंत्री जी बयान देते हैं कि हर हमले में पाकिस्तान का हाथ है, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादियों को प्रशिक्षण दिया जाता है, तो उसका मुकाबला करने के लिए पोटा जैसा कानून आवश्यक है।

हाल ही में कश्मीर इलाके में भूकम्प आया। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 30,000 से ज्यादा लोग मारे गए। उस समय सबसे पहले हमारी सेना ने पाकिस्तान से यह इजाजत मांगी कि हम आपका सहयोग करना चाहते हैं, हम जीवितों को बचाना चाहते हैं और लाशों को ढोना चाहते हैं, आप हमें यहां आने दें। लेकिन मुशर्रफ साहब ने हमारे हैलिकॉप्टर को वहां उतरने की इजाजत नहीं दी। वह हमसे मदद तो चाहते हैं धन के रूप में या अनाज के रूप में, लेकिन हमारे सिपाही वहां नहीं आने देना चाहते। इसका क्या कारण था, यह हमें मालूम नहीं है। कुछ समय बाद कश्मीर में कुछ जगहों पर सीमाएं खोली गईं। मैं इस बात का जिक्र इसलिए कर रहा हूं कि मानवता के नाते वहां भी हम हाथ आगे बढ़ाते हैं, लेकिन वहां के रूलर्स इस बात को नहीं मानते।

सभापति महोदय, मैं विषय से अलग नहीं बोल रहा हूं। मैं सिर्फ दो-तीन मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार को कड़ा रुख अपनाने की मानसिकता बनानी चाहिए। उसके लिए कड़े कानून की आवश्यकता है। इन्हें हम आगे बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम लड़ाई नहीं चाहते, आक्रमण नहीं करेंगे, लेकिन एक कानून तो बनाया जा सकता है। जो ऐसा पोटा कानून था, उसे आपने समाप्त कर दिया। पोटा किसके खिलाफ था, जब हमारी संसद पर हमला हुआ, उसके बाद बहस हुई, तब भी मैंने यह कहा था कि जो पांच पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए हैं, वे हमारी संसद में कैसे आए। किन लोगों ने उन्हें पनाह दी। .(व्यवधान) मान लो कि इंटैलिजेंस फैल्योर था लेकिन यह किन लोगों के जरिये हुआ। ये कोई हवा में से नहीं टपके। ये हमारी धरती से ही दिल्ली

पहुंचे, किसी के मकान में रहे और वर्षों तक रहे। किन लोगों ने इन्हें पनाह दी? क्या वे भी सारी घटना के जिम्मेदार नहीं हैं, क्या वे लोग भी उतने ही दोषी नहीं हैं? लेकिन क्या हम ऐसे लोगों को सजा दे सकते हैं, क्या उनके ऊपर कार्रवाई कर सकते हैं जिन्होंने इन्हें धन दिया, रहने के लिए मकान दिया, घूमने के लिए गाड़ियां दीं और आरडीएक्स लाने में मदद की। मदद करने वाले सारे भारतीय थे। पाकिस्तान के तो केवल पांच ही लोग थे, बाकी मदद करने वाले सारे भारतीय थे। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या कार्रवाई आप उनके ऊपर कर रहे हैं? उनके मन में आपका क्या डर है? मुम्बई में बम विस्फोट हुआ, लेकिन विस्फोट करने वालों के खिलाफ कुछ नहीं हुआ। हिंदुस्तान की सरकार का उनको बिल्कुल भी डर नहीं है। मैं कहना चाहता हूं कि उनके मन में सरकार का डर होना चाहिए लेकिन डर तभी होता है जब कानून सख्त होता है।

आप दुबई में चोरी नहीं कर सकते हैं क्योंकि डर है कि चोरी करने पर हाथ काट दिये जाएंगे। दुबई में महिला की तरफ बुरी नजर से नहीं देख सकते हैं क्योंकि सब के सामने गोली मार दी जाएगी। वहां पर सरकार का डर है, कानून का डर है लेकिन वह हिम्मत भी हमारी सरकार में नहीं है। एक सरकार सख्ती बरतती है दूसरी सरकार उस सख्ती को खत्म कर देती है। इससे आतंकवादियों को क्या मैसेज जा रहा है। इसके लिए हम स्वयं जिम्मेदार हैं।

कुँवर मानवेन्द्र सिंह (मथुरा) : आपकी सरकार को क्या डर था?

श्री अनंत गंगाराम गीते : मैंने तो अपनी सरकार की भी बात की है। मैं किसी सरकार के समर्थन में नहीं कह रहा हूं।

MR. CHAIRMAN : Nothing will be recorded except Shri Anant Geete's speech.

(Interruptions) .*

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record.

(Interruptions) .*

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, please take your seats.

श्री अनंत गंगाराम गीते : अगर सरकार का डर नहीं होगा तो आतंकवादी हमसे क्यों डरेंगे। जब सरकार से, कानून से उनको कोई खतरा नहीं है तो वे सरकार से क्यों डरेंगे। मेरा कहना यह है कि जब तक सरकार की ओर से कड़े कानून नहीं बनाए जाएंगे और सरकार अपनी मानसिकता का सबूत नहीं देगी और यह साबित नहीं करेगी कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ डटकर लड़ेगी, तब तक आतंकवाद खत्म नहीं होगा। पाकिस्तान पर हमला करने की हमें जरूरत नहीं है बल्कि हमें जरूरत है कि सरकार अपनी दृढ़ मानसिकता का परिचय दे कि हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे।

* Not Recorded.

श्री गणेश प्रसाद सिंह (जहानाबाद) : सभापति जी, आज नियम 193 के तहत गंभीर एवं संवेदनशील विषय पर इस सदन में बहस हो रही है। महोदय, हमारे गृह राज्य मंत्री जी ने सभापटल पर जो अपना बयान प्रस्तुत किया है, उसको पढ़ने का मौका मुझे मिला।

महोदय, 18 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर में, 29 अक्टूबर को दिल्ली में, 11 नवम्बर को झारखंड में गिरिडीह के होमगार्ड पुलिस लाइन में और 13 नवम्बर को बिहार के जहानाबाद पुलिस लाइन एवं जेल पर हमले की चर्चा हो रही है। हम

जहानाबाद क्षेत्र से निर्वाचित होकर आते हैं। ये घटनाएं कोई शुरूआत नहीं हैं बल्कि इस प्रकार की घटनाएं अतीत में, पहले भी घटित होती रही हैं।

17.00 hrs.

परंतु इन घटनाओं को रोकने के लिए हम क्या कर रहे हैं? हमारी सरकार क्या कर रही है? हमारा प्रशासन क्या कर रहा है? हम जो सदन में बैठे हुए लोग हैं, क्या घटना घटने के बाद महज उस पर चर्चा करने के बाद सो जाते हैं या हम आपसी सहमति से इन घटनाओं को रोकने में जैसे हमारे देश की सुरक्षा पर आक्रमण होता है, देश पर आक्रमण होता है, तो उसकी सुरक्षा के लिए हम सब मिल कर दलगत भावना से ऊपर उठकर काम करते हैं और आज संकट की घड़ी में लगातार एक के बाद एक ऐसी दर्दनाक घटनाएं हो रही हैं, उन्हें रोकने के लिए आम सहमति की आवश्यकता है।

दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं , एनडीए के माननीय सदस्य बोल रहे थे और रचनात्मक सुझाव देने के बजाए प्रधानमंत्री जी पर छींटाकशी एवं उनकी आलोचना कर रहे थे, लेकिन उनके अपने कार्यकाल का स्मरण करना होगा, इस संसद में हमला होने वाला था, हमारे जो बहादुर प्रहरी संसद में थे उनकी बहादुरी के कारण उनकी सतर्कता के कारण यह संसद बची और संसद के लोग बचे, आज अगर वे आलोचना करें तो मैं कहूंगा कि आलोचना से काम चलने वाला नहीं है।

दिल्ली में जो घटनाएं घटी थीं, उनमें काफी लोग मारे गए थे। घटनाएं ऐसी जगहों पर एक साथ घटीं, जहां काफी भीड़-भाड़ थी, इसी प्रकार से आगे की घटनाएं भी हुई। इन घटनाओं के संबंध में कहा गया कि इनमें बाहरी

आतंकवादियों का हाथ है। हमारे सामने झारखंड और बिहार की घटनाएं है। उसमें जो आतंकवादी हैं उनके संबंध में कहा जा रहा है कि वहां पर पीडब्ल्युजी और माओवादी लोग हैं। ये कहां के लोग हैं, क्या सरकार ने पता लगाने की कोशिश की? ये माओवादी आंध्रप्रदेश से सक्रियता शुरू करते हैं, उड़ीसा में आते हैं, छत्तीसगढ़ में आते हैं, झारखंड में आते हैं, बिहार में आते हैं, ये सभी नेपाल से क्रास करते हैं। बिहार होकर झारखंड सहित तमाम इलाकों में ये विचरण करते हैं और फिर घटना को अंजाम देने का काम करते हैं। लेकिन हमारा भी कोई दायित्व है, शासन और प्रशासन का कोई दायित्व है, खासतौर पर जहानाबाद की घटना के बारे में मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। गृहमंत्री जी ने अपने बयान में कहा है कि तीन-चार सौ आतंकवादी जहानाबाद में प्रवेश कर गए। महोदय, यह सच्चाई नहीं है। मैं उस क्षेत्र का रहने वाला हूं और घटना के दिन सुबह मैं वहां पहुंचा, वहां के प्रत्यक्षदर्शी नागरिकों ने बताया कि जहानाबाद शहर पर साढ़े 7 बजे से 8 बजे तक पूरी तरह से आतंकवादियों का कब्जा हो गया था और उनकी संख्या तीन-चार सौ नहीं, बल्कि 2 हजार थी, जो हथियारों से लैस थे, राइफलों से लैस थे, बमों से भी लैस थे। वे आतंकवादी सीधे-सीधे सरकार और पुलिस प्रशासन को चुनौती दे रहे थे। वे जीप में बैठकर माइक से प्रचार कर रहे थे कि यदि कोई आदमी सड़क पर बाहर निकला, तो उसे बुरा अंजाम भुगतना पड़ेगा, उसे गोलियों से भून दिया जाएगा, बम से उड़ा दिया जाएगा। मैंने वहां देखा है, ऐसी मुख्य सड़क पर जहां कचहरी चौक है, जहां न्यायालय है, उस चौक पर बहुत बड़ा बम रखा हुआ है। वह भीड़ का इलाका है, लोग आवागमन कर रहे

हैं। उससे आगे मुख्य सड़क पर भी बम रखा हुआ था, पुलिस लाइन के आगे बम रखा हुआ था, इन सारी जगहों पर कैसे लोग पहुंचे? पब्लिक के डर से, उनके आहवान से, उनकी घोषणा से लोग नहीं निकल पाए, लेकिन पुलिस क्या कर रही थी? ऐसा कहा गया कि पुलिस बहादुरी के साथ लड़ी। महोदय, आप सुनेंगे तो आपको आश्चर्य होगा कि जहानाबाद जैसी जगह में यह कोई नयी घटना नहीं है।, उसी जहानाबाद में आपको स्मरण होगा कि बाथे कांड हुआ, उसी जहानाबाद में सिनारी हुआ, उसी जहानाबाद में मियांपुर हुआ, उसी जहानाबाद में नौन्ही और नगवाँ हुआ, उसी जहानाबाद में परसविघहा और डोहिया कांड भी हुआ है। ऐसे संवेदनशील इलाके से मुझे यह देख कर आश्चर्य होता है कि देश में शासन केन्द्र सरकार का है या चुनाव आयोग का शासन है? सच्चाई है कि पूरी की पूरी पुलिस को दूसरी जगह चुनाव में लगा दिया गया था। नक्सली ताक में थे। वे खोज कर रहे थे कि वहां की क्या स्थिति है क्योंकि जहानाबाद जेल में उनके दल के बड़े नेता बंद थे। उन्होंने मौका पाकर सारी स्थिति की जानकारी ले ली कि वहां पुलिस बल नहीं है। ऐसी स्थिति में उन्होंने एक साथ हमला करने का काम किया। सच्चाई जानने की जरूरत है। खुद बिहार के मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी तीनों ने स्वीकार किया है कि उन्हें इस घटना की जानकारी पहले से थी। ऐसी जानकारी 2-3 दिन पहले से नहीं बल्कि 4-5 माह से थी कि जहानाबाद के कई प्रमुख जगहों में आतंकवादियों द्वारा पुलिस लाइन और सरकारी भवन पर हमला हो सकता है। इतना असतर्कता क्यों बरती गई? वहां से पुलिस बल क्यों हटाया गया? यह एक जांच का विषय है। गृह मंत्री यहां नहीं है। मैं चाहता हूं कि इस

मामले की जांच होनी चाहिए कि वाकई वहां कितनी पुलिस थी? मैं रिपोर्ट में लिखी गलत बात बताना चाहता हूं। वहां मात्र आठ पुलिस वाले थे। वहां 6 महीने के पहले से ऐसी स्थिति थी तो सतर्कता क्यों नहीं बरती गई? आप पुलिस लाइन को देखेंगे तो पता लगेगा कि उसकी सुरक्षा का कोई प्रबन्ध नहीं था। वहां चार दीवारी भी नहीं थी। वहां ऊपर कहीं भाले और कांटे नहीं लगे थे। अभी कुछ दिन पहले वहां हल्के-फुल्के कांटों को लगाया गया है जिस में कोई भी व्यक्ति आसानी से अंदर घुस सकता है। उस पुलिस लाइन में भारी शस्त्र रखे थे। वहां मैगजीन और शस्त्रागार थे। संयोग से वहां से कोई सामान लूटा नहीं जा सका।

इसी तरह जेल की बात है। ऐसी जगह जेल स्थित है जिस के आसपास कोई सुरक्षा का प्रबन्ध नहीं है। बरसों से बात हो रही है कि जेल को और कहीं शिफ्ट किया जाए और उसे सुदृढ़ व मजबूत बनाया जाए। सुरक्षा की दृष्टि से इसकी शेप को बदला जाए लेकिन उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। जेल की यह स्थिति है कि वहां 15-16 फीट की दो कच्चे बांस की सीढ़ियां थीं। उस सीढ़ी से नक्सलवादी अन्दर घुस गए। जेल के अन्दर सिपाही आठ की संख्या में थे। उनके पास हथियार ज्यादा थे। सारे के सारे हथियार नक्सलियों ने लूट लिए। उन्होंने कैदियों को धमका कर और भय पैदा करके भगाने का काम किया। उसी जेल में अजय कालू बंद था। बिहार के सभी लोग जानते हैं कि अजय कालू पीडबल्यूजी का और माओवादियों का मुख्य नेता है। मकसद उसी अजय कालू को छुड़ाने का था। वे लोग ये सब करने के बाद रफू-चक्कर हो गए। ऐसी घटना के बाद पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल होती तो जरूर उनका पीछा करती और उन

आतंकवादियों को चेज करती। यह नौ बजे की घटना है। रात भर कोई किसी की सुध लेने वाला नहीं था। वहां लोग किस हालत में थे, कोई उनकी सुध लेने वाला नहीं था। यह बहुत दूर की बात रही। यदि उनका आधे घंटे, एक घंटे या दो घंटे के बाद भी पीछा करते तो 2-4-5 किलोमीटर के अन्दर इतनी भारी संख्या में नक्सली लोग पकड़े जाते लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आखिर, इसके पीछे क्या कारण हैं? कारण बहुत बड़ा है। उस इलाके में रणबीर सेना भी है, उस इलाके में भूमि सेना भी है। इन सेनाओं और माओवादी संगठनों का आपस में हमेशा टकराव होता रहता है। जब किसी तरफ से निर्दोष व्यक्ति को कोई मारता है तो उस पर प्रतिक्रिया होती है और बदला लेने की भावना से वे एक-दूसरे को मारते हैं। वे चार को मारते हैं तो दूसरा दो को मारता है और यही चलता रहता है। वहां बहुत सतर्कता से काम लिया जाना चाहिए क्योंकि उसी जेल में रणवीर सेना के लोग भी हैं, उसी जेल में माओवादी लोग भी हैं। इसी तरह से एक ही जगह दोनों तरफ के लोग हैं। तब वहां दोनों तरफ के लोग जेल में दरबार लगाते थे और दोनों के समर्थक जेल में जाते थे। वे लोग इस स्थिति से अवगत थे और ऐसी घटना घट गई। क्या इससे ज्यादा दर्दनाक घटना हो सकती है? क्या इससे बड़ी घटना हो सकती है? झारखंड में घटना हुई, झारखंड में भी पुलिस लाईन को लूट लिया गया। पुलिस लाईन के प्रशिक्षण केन्द्र में इतने हथियारों के रहते, इतने पुलिस बल के रहते उसे क्यों लूट लिया गया? ये झारखंड की बात कह रहे हैं। जब से झारखंड बना है, बी.जे.पी की सरकार बनी है, झारखंड में उग्रवाद और बढ़ गया है। ये बिहार की बात कहते हैं। मैं मानता हूं कि वहां की सरकार विफल रही है, प्रशासन

विफल रहा है जबकि वहां राष्ट्रपति शासन था। इस तरह से कैसे काम चलेगा? जबकि आपकी पुलिस लाईन लूटी जा रही है, सरकारी भवन लूटा जा रहा है। पुलिसकर्मियों को मारा जा रहा है तो आम नागरिक की रक्षा कैसे कर सकते हैं? आज भी झारखंड और बिहार के उन इलाकों में भय का वातावरण है। यह कोई नई घटना नहीं है। आपको स्मरण होगा इससे पहले भी मोतीहारी जिले के मधुबना इलाके में 23 जून को भयंकर घटना घटी। वहां एक ही बार में सात स्थानों को लूटा गया। वहां की पुलिस लाईन, थानें और चौकियों पर ही नहीं यहां तक कि माननीय सदस्य श्री सीताराम सिंह के आवास पर भी हमला हुआ। लेकिन कहां कोई आतंकवादी पकड़ा गया? गलत रिपोर्ट दी गई कि आतंकवादी को पकड़ लिया गया। लेकिन जो वास्तव में आतंकवादी हैं, जिन्होंने आतंक फैलाया है, जिन्होंने घटना को अंजाम दिया है, ऐसे लोगों को पकड़ा नहीं जाता है।

मैं कहना चाहता हूं कि आखिर ये सब बातें और आतंकवादी घटनाएं दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, बिहार, झारखंड और आंध्र प्रदेश में ही नहीं बल्कि धीरे-धीरे पूरे हिन्दुस्तान में बढ़ गई हैं। हम पहले सुनते थे कि आजादी के तीसरे दशक में बंगाल के नोआखली से आतंकवादियों का जन्म हुआ। उसके बाद वे लोग आगे बढ़े लेकिन आज वहां यानि बंगाल में आतंकवादी नाम की कोई चीज नहीं है। हमें इस बात की भी जानकारी लेनी पड़ेगी और उसका उपाय ढूढ़ना पड़ेगा। मेरे विचार से जिस तरह से आतंकवादी किसी घटना को अंजाम देने के लिए दृढ़संकल्पित होते हैं उसी तरह से सरकार को संकल्प लेना चाहिए कि दृढ़ता के साथ आतंकवादियों

को समाप्त करेंगे और जो आतंकवाद में विश्वास रखने वाले हैं, जो हिंसा मे विश्वास रखने वाले हैं, उनका खात्मा करेंगे।

मेरा विचार और सुझाव है कि जो प्रशासनिक तंत्र है, इस प्रशासनिक तंत्र को भी सुदृढ करना पड़ेगा। ऐसे इलाकों में ईमानदार, कर्मठ और सुयोग्य पुलिस पदाधिकारियों को नियुक्त करना पड़ेगा जो पारदर्शिता ला सकें। इसके साथ मैं यह कहना चाहता हूं और आपके माध्यम से सुझाव देना चाहता हूं कि पूरे देश में जो आतंकवाद फैल रहा है कहीं न कहीं उसकी वजह सामाजिक और आर्थिक कारण भी है। आर्थिक कारण यह है कि जिनके पास पैसा है, उनके पास काफी पैसा है और जिनके पास जमीन है, उनके पास काफी जमीन है लेकिन जो गरीब लोग हैं, वे भूखे मर रहे हैं। उन्हें कोई भी देखने वाला नहीं है। इसलिए मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जो सीलिंग एक्ट बना हुआ है, उस सीलिंग एक्ट को तीव्रता से, कारगर ढंग से और कठोरता से लागू करने की जरूरत है।

दूसरी बात यह है कि विकास की बात कही जाती है। हमारी सरकार भी कहती है कि इतने हजार करोड़ रुपए और इतने लाख करोड़ रुपए हमने भेजे हैं। किस के लिये भेजे और कहां पहुंचे? आपने गरीबों के लिये भेजे थे ताकि उन गरीबों को उसका लाभ मिल सके लेकिन पहुंचे नहीं - इसकी भी जांच होनी चाहिये।

सभापति महोदय, हमें उन गरीबों को शिक्षित करना होगा, उनके टोले में विद्यालय खोलना होगा, उनके गांवों में पेयजल की व्यवस्था करनी होगी, उनके टोले में आने जाने के लिये सड़क की व्यवस्था करनी होगी। अगर ऐसे कामों में

सरकार और विपक्ष सभी लोग सहमति करेंगे तो इनफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करना पड़ेगा। नेपाल से आध्र प्रदेश तक कोई बॉर्डर रोड नहीं है, झारखंड से बिहार, उड़ीसा से झारखंड और आध्र प्रदेश से झारखंड तक कोई बॉर्डर रोड नहीं है। ऐसे स्थानों पर क्रॉस करना और एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में जाने के लिये आसानी होती है। ऐसी जगहों पर बॉर्डर रोड बनानी पड़ेगी और उसकी निगरानी करनी पड़ेगी। यह सब को मालूम है कि किसी भी घटना को तभी रोका जा सकता है जब उस घटना का पूर्वाभास होगा। हमारी खुफियातंत्र को अत्याधुनिक हथियारों से लैस करना पड़ेगा, पुलिस प्रशासन को भी अत्याधुनिक संयंत्र एवं हथियारों से लैस करना होगा।

सभापति महोदय, आज थानों की क्या स्थिति है? उनके पास अपना भवन नहीं है, अपना फोन नहीं है, अगर है भी तो फोन बिल न अदा कर पाने की हालत में फोन कटा रहता है। इसके अलावा पुलिस स्टेशन पर अपनी जीप तक नहीं होती है। इन सब बातों का ध्यान रखते हुये ऐसी जगहों पर फंडिंग की जरूरत है। सरकार सम विकास योजनाओं की समीक्षा करेगी लेकिन कहीं काम नहीं हो रहा है। इसलिये ऐसी जगहों पर विशेष फंड्स देकर गरीबों के साथ न्याय करने की जरूरत है। अगर उनके साथ न्याय होगा तो उनका झुकाव आतंकवादियों की तरफ नहीं होगा और वे उनके बहकावे में नहीं आ सकते।

*DR RATTAN SINGH AJNALA (TARAN TARAN): Mr Chairman Sir, I am thankful to you for allowing me this opportunity to speak on a very important issue.

MR CHAIRMAN: Have you given a notice to speak in Punjabi?

DR RATTAN SINGH AJNALA: I have given the notice.

MR CHAIRMAN: We have to make arrangement for translation.

DR RATTAN SINGH AJNALA: I have given the notice.

What are the reasons for these violent movements? Poverty, illiteracy and the Governments that perpetrate injustice on people, give rise to militancy.

17.23 hrs. (Shri Varkala Radhakrishnan in the Chair)

Mr Chairman Sir, in Punjab, militancy and terrorism were fuelled by Congress party. Militancy started in Punjab around 1978 and thousands of people lost their lives in terrorism related violence. Even one of our party presidents was assassinated by terrorists. Rajeev-Longoval accord was signed but it was not implemented. The non-implementation of this accord further boosted the ranks of terrorists. Punjab suffered due to this. At present, terrorism is a scourge that plagues not only India but the whole world. Earlier, the two superpowers USA and Soviet Union wanted to establish their hegemony in the entire world. USA trained ultras like Laden in Afghanistan. But a time came when these terrorists turned against the US like Frankenstein monster. Then the USA realised that terrorism is a menace. In Punjab, there was unemployment, poverty and illiteracy. The young men were swayed by sentiments and took to guns. The Pakistani intelligence agency ISI fished in troubled waters. It trained the militants. Punjab suffered as a result. In Jammu & Kashmir too, terrorism reared its ugly head. There was trouble in the State ever since 1947. Thousands of young men became victims of

*English translation of the speech originally delivered in Punjabi.

terrorism. Thousands of people were displaced and had to migrate from Jammu & Kashmir.

Mr Chairman Sir, the present Central Government must play its role to check the menace of terrorism. It must shoulder its responsibility. Illiteracy has to be removed. In the border areas of Punjab, education is a casualty. Scores of posts of school teachers are lying vacant. Students are not getting education due to this. When children are uneducated and illiterate, they are bound to be swayed by the call of gun. In the border areas of Punjab, the landless agriculture workers are facing a lot of problems. They are ploughing the fields but they do not own the land. The poor people want that the land they are ploughing should belong to them. This is only possible if the Central Government passes a law to this effect that the land must belong to the person who ploughs it. Only then can the poor landless agriculturists benefit from it. Mr Chairman Sir, unemployment is another problem. Earlier, the youths of Punjab used to get recruited in army in a big way. But later on, the Central Government passed a law, which restricted the recruitment of Punjabi youths in the Indian army to just 2%. We should do away with such discriminatory rules. Those young men who are physically fit should be recruited in the army. It will reduce unemployment.

Sir, I fully agree with this thesis that after India became independent, the gulf between the rich and the poor has been increasing. The rich have become richer while the poor have become poorer. Until and unless we bridge the divide between the rich and poor, we cannot rein in the menace of terrorism and naxalism. Sir, the need of the hour is to fill this gap between the rich and the poor. Until and unless we do something concrete for the poor farmers and labourers, we cannot check the scourge of terrorism and naxalism. The naxalite movement cannot be crushed only by guns. We must remove the problems and causes that give rise to these movements. We cannot escape these violent movements until we remove their root causes. Sir, we must put our heads together and fulfil the needs of the poor people of the areas where terrorism and naxalism have gained foothold. We will have to use all sources at our command. Only then can we hope to control these movements. Stringent laws should also be framed. The erstwhile

NDA Government had framed POTA but sadly the Congress Government abolished POTA. But we have to be strict in our approach at times. Those who perpetrate mindless violence should be dealt with sternly.

Sir, we the people of India as well as the Government of India want to improve bilateral relations with Pakistan. But the ruling establishment in Pakistan is anti-Indian. It does not want mutual relations to improve. Recently, there was loss of life and property in the earthquake that rattled Pakistan and India. India wanted to help Pakistan in various ways. But Pakistan refused to seek help from India. Now, various points have been opened at line of actual control in Jammu & Kashmir. So, Mr Chairman Sir, we must deal firmly with these anti-national forces.

Sir, in Bihar, naxalites attacked the town and jail of Jehanabad. What are the reasons for it? The problems of the poor people have to be solved. The police force should be strengthened by providing it with modern weapons. Intelligence inputs need to be bolstered. We should not support and encourage such extremist elements just for seeking votes during elections. Only then can we solve these teething problems.

Mr Chairman Sir, during the 1991 elections in Punjab, terrorism was still a force to reckon with. At that time, 27 members of our party were killed by terrorists and elections had to be cancelled. When elections were held again in January 1992, not a single Congress member was killed. Things were under control. So, we must not compromise with terrorists just to gain power in Centre or States. We should not win elections at the cost of lives of members of other political parties. We must fight unitedly against forces that threaten our country. We must take up this issue not only with Pakistan but also with Nepal, Bangladesh and Sri Lanka. Political will is needed to overcome these forces and to solve these problems.

MR. CHAIRMAN : Shri B. Mahtab, you speak only for ten minutes.

SHRI B. MAHTAB (CUTTACK): Mr. Chairman, Sir, I stand here to participate in the discussion on the Statements on four specific incidents or issues which have been given in this House.

The first issue deals with the bomb blasts which occurred in Delhi on 29th October evening. In fact, there were three bomb blasts on that day. The second issue deals with the terrorist activities which have increased with the change of Government in Jammu & Kashmir. The third issue deals with People's War Group or CPI (Maoist) violence which is spreading its tentacles in different parts of the country. But I am sorry to say that another major terrorist activity centre is in the North East. I think this House will take that up during this Winter Session in due course of time. We have to take the whole nation and view it when we discuss as to what type of terrorists activities are occurring in our country. That has to be discussed specially in this august House. Of course, the House in its wisdom has taken up these three major issues of terrorist activities. I would distinguish these three activities in three different ways. First is the bomb blast in Delhi. It is also a terrorist activity. It is the most heinous type of terrorist activity which does not discriminate any one and which targets a group of people, a large group of people irrespective of their faith, belief, religion, colour and creed. Here, the terrorist mindset is to create terror, to create fear and to create disharmony in the society. This is one type of terrorist activity which is occurring. This group at one point of time was believing in bullets and it was targeting individuals. As was told by my previous speaker, the individuals were targeted and bullets were used. But now bombs are being used. By placing bombs, a large section of population is being targeted and killed so that disharmony occurs in the society; communal violence occurs in the society. That was the major intention. It was just before when the whole country was going to celebrate Diwali, Eid and Gurupurab. This was the basic idea to create disharmony among the communities.

The second type is when we talk of Jammu and Kashmir. They are the group of people who are supported by a larger group who are on the other side of the

borders. They are getting full support. They create module in different parts of the State of Jammu and Kashmir. They create havoc. They target individual people. They barge into Minister's house or MLA's House. They also kill the people. The individuals are being targeted in the Valley and also in Jammu. That is a different type of terrorist activity.

The third aspect is the one which occurred in greed. It is just to loot arms and ammunition from a Home Guard Institute. This occurred on 11th and 13th of November where more than 500 or 600 attacked the district headquarters; or what we saw or what we heard or what we read in the newspapers was that more than thousands of people attacked a district headquarter. They cut down the electricity light and tried to barge into the police line. One naxalite met with an accident there. But the idea was to attack the jail and to free certain Maoists only; not only that but also to capture the Ranvir Sena people and eliminate them. This is a different type of terrorist activity. When we talk of Maoist terrorist activity or the Naxalite or the People's War Group, in the last one and a half years or two, all of them have combined and most of them have been named as CPI(Maoist). We call them the Maoists. It is Maoist terrorism. CPI(Marxist) Party is totally against them. In West Bengal also, they have been targeted.

It was in the news some six months ago. One or two office bearers had been targeted and they had to move away from the place where they were stationed. It had happened in two or three districts in West Bengal. Nobody is free from the clutches of these terrorists. Their tentacles are spreading. That is the greatest danger to the body politic of our nation. I might be allowed a little more time when I go through these three aspects.

I would say that the explosion in Delhi was to create panic by killing people and destroying property. Secondly, it was meant to create ill will among communities and whip up communal passion and also to create confusion in the society. The people at large rose to the occasion and foiled the design. The political leadership of this country, cutting across party lines, rose to the occasion and saw to it that no

political party took mileage from these bomb blasts. That is the greatest thing that this country achieved. It is not only the leaders of the Ruling Party but also the leaders of the Opposition Parties who saw to it that no communal passions were permitted to rise. For all concerned, the utmost priority was to maintain peace and tranquility in this capital city. The common masses who also rose to the occasion saw to it that daily life was restored in the next two or three days. Shops were opened and people came out in large numbers to the streets. That was a fitting reply through which the people could foil the designs of the perpetrators of those terrorist activities.

It is not for the first time that bomb blasts have occurred in Delhi. It had been happening earlier also. As I said earlier, violence as such is an act of cowardice. It exposes the terrorist motives. I would appreciate if the hon. Minister of State for Home Affairs could communicate what I am stating before this House. The hon. Minister of Home Affairs had, on October 31, in a Press statement to the media said: "Do not pressurise to disclose information". The media was pestering the Government to know what type of information the Government had got. Even today, a number of hon. Members have mentioned about this. He was at that time very categorical in saying, 'Do not pressurise to divulge information'. I am not asking the Government to give information now. We do not need information. The country does not need information. What we need is action. We need information on what action has been taken, what is the result and how long it would take to catch the perpetrators of this crime.

We all know that these blasts were timed to create disaffection during a festive season. Diwali was just three days ahead; Eid was following; Gurpurab was just two weeks later; and the International Trade Fair was three weeks later. On these four occasions, people from all over the country came to Delhi and participated. That is why I congratulate the people of this country. Similarly, the

Government also needs to be given credit. I do not deny that. The country has successfully shown that we cannot be cowed down by these types of terrorist activities. At the same time, I should also mention that our national resolve should be to fight terrorism and it must be apparent in our action and policy.

The bomb blasts in Delhi have demonstrated that India is very much in the radar of terrorists. One may say that because we are fighting shoulder to shoulder with United States against Pan-Islamic terrorism, India is being targeted. I do not know whether some hon. Members have said it or not in this House, but this is discussed outside that because we are fighting the Pan-Islamic terrorism shoulder to shoulder along with United States, we are being targeted. I do not subscribe to this view because India has been targeted much earlier, much before United States was targeted by the Pan-Islamic terrorists' organisations. India is an island between two Islamic blocks and India is being targeted by the Pan-Islamic terrorists' organisations. I will just name two. Especially, the entire US bogey which harps on the US thing is without any sense.

Sir, you are very much aware with your experience and your wisdom. Since the French Revolution, terrorism was shown as a useful means for political change. Revolutionaries like Italian Carlo Piscane and thinkers like Karl Marx have also said this. The Russian "Populists" followed by "Anarchists" and "Communists" unleashed a reign of terror which was targeted against a particular class of people but not against commoners. This is history. The world witnessed State-sponsored terrorism in Nazi Germany, in Fascist Italy and Stalinist Russia. But there also the targets were not the whole of people. The most dreaded terrorists network of all time consists of militant Pan-Islamic terrorist group, that is, Al-Qaeda was established by Osama-bin-Laden in 1990. Jaish-e-Mohammed was founded by Maulana Masood Azhar in Pakistan in 2000. There is a number of other Islamic organisations which have cropped up. But all these started when Israel was created and it was a reaction to that. Arms were taken up by a group of people and they wanted to create a situation so that indiscriminate killing can give

them a right to power. That is why, as I have stated earlier, intelligence network has to be increased, investigation capability to be doubly geared up. At the same time, as the time is short, I would only like to make one submission on this aspect. . (*Interruptions*) I have just covered the first aspect. . (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : You have taken 15 minutes more. Please conclude.

SHRI B. MAHTAB : I will only mention that when such types of disaster strikes, disaster management mechanism should also be put in place. We cannot forget on that eventful evening when scores of people were being brought by ambulances to different hospitals. The doctors, the para-medical staff, the Union Minister of Health, the Union Secretary of Health, Delhi Administration were all geared up to meet that challenge.

We cannot forget that. The whole country saw how our Health Ministry, our medical colleges came forward, and paramedical officers were also there.

MR. CHAIRMAN : Yogi Aditya Nath.

SHRI B. MAHTAB : Sir, please give me some more time.

This type of disaster management activity should also be geared up so that at the time of eventuality, people can get relief and support, and succour. . (*Interruptions*)

Regarding Jammu and Kashmir aspect, I have mentioned. I will come to the last two incidents. Before I come to that, at the same time, I should also mention that during the last six months, naxalite incidents have cropped up in two more districts of Orissa, that is, Sambalpur and Deogarh. More than nine people have been killed. . (*Interruptions*) I will just explain that because hardly the Central Government, the Home Ministry comes to know about the details. Nine people have been killed. One of them was a police personnel. Seven of them were of BPL category. One person had got money and was supported by Indira Awas Yojana. Just because he was unwilling to share a part of that money of Rs. 25,000 with those Maoists, he was killed. The Maoists are envisaging this type of class war. . (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please conclude now. Yogi Aditya Nath.

. (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You have taken 17 minutes.

. (*Interruptions*)

SHRI B. MAHTAB : What is the fun in discussing this if I am confined to five or ten minutes? If I am talking irrelevant, then I should be stopped. . (*Interruptions*) Nine districts have been identified as naxalite affected districts in Orissa. In these two districts naxalite movement has cropped up within the last one year. They come under red corridor from Nepal to Tamil Nadu and Karnataka. In these two districts also, general people and common people are being targeted.

At the time when Jehanabad incident occurred, one of the foremost literateure Shrimati Mahasweta Devi came out in support of this type of class struggle. This has actually hurt us to a great extent. This is really unfortunate. I do not deny the manner in which this class struggle or caste struggle is occurring in Bihar. The State failed in Bihar to protect the law. At the same time, mass attack on targeted group had also happened in Jehanabad. A similar thing had occurred in Orissa also last year. In Koraput which is the district headquarters and scores of naxalites from Andhra Pradesh came in to attack, but the police of Orissa could foil that and send them back because of a good Government there. I would only add here . (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please conclude. Please help me.

SHRI B. MAHTAB : I understand your constraint, but I would conclude only with these two lines. There is no ideology in this struggle. It is only to extract money to have a parallel system in the society. Even *Palle Sabhas* are being targeted. It happened in different other places. People were looking at Andhra with the hope that some change was going to take place in the last 18 months. However, the situation has gone from bad to worse. The commitment that was given before the election was also withdrawn.

I would conclude by saying that if you do not have a specific policy to deal with this type of terrorist activity, the Indian population will not spare you. One should bear in mind that there is nothing that the people of India punish more strongly than poor governance or soft State.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) : सभापति महोदय, माननीय गृह मंत्री ने पिछले तीन महीनों के अंदर जिन महत्वपूर्ण आतंकवादी घटनाओं के बारे में यहां पर अपनी स्टेटमेंट दी थी, उस पर हम यहां बहस कर रहे हैं। उनमें मुख्य रूप से पिछले चार महीनों के अंदर जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी, दीपावली के दो दिन पूर्व दिल्ली के अंदर हुए बम विस्फोट, झारखण्ड के गिरीडीह में नक्सलवादियों ने होमगार्ड प्रशिक्षण केन्द्र पर हमला तथा बिहार के जहानाबाद जिला मुख्यालय पर नक्सलवादियों और उग्रवादियों के कब्जे से संबंधित घटनाएं हैं। माननीय गृह मंत्री जी ने कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों को अपनी स्टेटमेंट से अछूता रखा है जैसे असम के अंदर सितम्बर महीने में एक प्रायोजित ढंग से आतंकी हमला हुआ है। पूर्वोत्तर भारत को अलगाव की आग में डालने का प्रयास हो रहा है। उस जातीय हिंसा का कहीं कोई उल्लेख नहीं किया है। यही नहीं जम्मू-कश्मीर के अंदर जब वहां पर प्राकृतिक त्रास्दी से लोग पीड़ित थे, उसी समय राज्य के अंदर 12 हिंदुओं का गला रेंत कर नृशंस हत्या कर दी गई थी। इस स्टेटमेंट में कहीं भी उस घटना का उल्लेख नहीं है। विभिन्न घटनाओं के बारे में, चाहे वह उत्तर प्रदेश के मऊ जनपद की घटना हो या विभिन्न क्षेत्रों में जो घटनाएं घटित हुई हैं जो किसी आतंकवादी और उग्रवादी घटना से कम नहीं हैं, उन सबके बारे में भी चर्चा होनी

चाहिए थी। लेकिन मंत्री जी किन कारणों से वह चर्चा नहीं हो पाई है, यह हम अच्छी तरह से जानते हैं और इसीलिए आज जब हम इस पर चर्चा कर रहे हैं तो मुझे बड़ा कष्ट और दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि इस चर्चा का मतलब इस प्रकार से होगा जैसा हमने मानसून सत्र में आंतरिक सुरक्षा पर चर्चा का हुआ था। जुलाई 5, 2005 को श्री राम जन्म भूमि पर हुए आतंकी हमले और देश के विभिन्न क्षेत्रों में हुए आतंकी हमलों के बारे में उस समय भी चर्चा की थी। उस चर्चा का कोई मतलब नहीं हुआ और जितनी गंभीरता के साथ सरकार ले रही है जैसे सत्ता पक्ष की उपस्थिति और माननीय गृह मंत्री जी की अनुपस्थिति, यह सब इस चर्चा की गंभीरता को स्वयं उजागर कर रहे हैं। मुझे लगता है कि गधे के सिर पर सींग ढूंढ़ने के समान ही इस चर्चा का भी कोई मतलब नहीं होगा।

मैं आपका ध्यान.(व्यवधान) वे गृह राज्य मंत्री हैं। .(व्यवधान)

SHRI S.K. KHARVENTHAN (PALANI): The Minister of State for Home Affairs is sitting here. The Cabinet Minister is in Rajya Sabha. . (*Interruptions*)

YOGI ADITYA NATH : I know that. . (*Interruptions*)

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती सूर्यकान्ता पाटील) : हम अनुशासन का पालन करते हैं।.(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Yogi Aditya Nath, you continue with your speech. Do not bother about the comments.

. (*Interruptions*)

योगी आदित्यनाथ : पिछले चार महीनों के अंदर जो घटनाएं घटित हुई हैं, वे बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण हैं। जब हम आंतरिक सुरक्षा के बारे में चर्चा करते हैं, तो चार बातें सबके सामने छनकर आती हैं - एक, जिस जम्मू कश्मीर के बारे में माननीय गृह मंत्री जी ने अपनी स्टेटमैंट दी है, उस जम्मू कश्मीर के साथ-साथ पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित और आईएसआई, जो इसकी खुफिया एजैंसी है, उसके द्वारा पूरे देश के अंदर जिस इस्लामिक आतंकवाद का बहुत तेजी से विस्तार हुआ है, आज लगभग पूरा देश उसकी चपेट में आ गया है। वह एक आतंकवाद है। दो, इस देश के अंदर वह साम्यवादी उग्रवाद है, जिसे आप माओवाद के रूप में, नक्सलवाद के रूप में मान सकते हैं। पिछले डेढ़ वर्षों में बहुत तेजी से एक-तिहाई भारत उसकी चपेट में आ गया है। मार्च, 2004 के जो आंकड़े हम सबके पास हैं, उनमें 8 राज्यों के 54 जिलों तक ही सीमित जो नक्सलवाद था, वह पिछले डेढ़ वर्षों में बढ़कर 15 राज्यों के 200 से अधिक जनपदों तक फैला है। उसे जिस तेजी से राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है, जिस प्रकार राजनीतिक स्वार्थों के लिए उसे संरक्षण दिया जा रहा है, उसकी गतिविधियों के प्रचार के लिए राजधानी और देश के विभिन्न क्षेत्रों में उसके अड्डे स्थापित करवाए जा रहे हैं, उसमें कमी आने की संभावना नहीं है। जहानाबाद की घटना हम सबके सामने एक उदाहरण मात्र है कि लगातार दस घंटे तक जहानाबाद जिला मुख्यालय नक्सलवादियों और उग्रवादियों के कब्जे में रहता है। जहानाबाद बिहार की राजधानी पटना से मात्र 45 किलोमीटर की दूरी पर है। उन उग्रवादियों के खिलाफ एक रणनीति बननी चाहिए थी, वहां सशस्त्र बलों को पहुंचाकर उनका मुकाबला किया जाना चाहिए था, उन्होंने जिस तरह जेल पर

हमला किया, वहां के विभिन्न पुलिस अधिकारियों को बंधक बनाया, उस दृष्टि से जो प्रभावी कार्यवाही होनी चाहिए थी, वह नहीं हो पाई। यह साफ उजागर करता है कि कहीं न कहीं राजनीतिक इच्छा शक्ति की कमी है और साथ-साथ उन तत्वों से राजनीतिक लाभ अर्जित करने की जो तमन्ना भारत के राजनीतिक मानस पटल पर आज भी व्याप्त है, कहीं न कहीं यही कारण है कि हम आतंकवाद और उग्रवाद का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। तीन, इस देश के पूर्वोत्तर राज्यों का मामला है। हम कश्मीर की चर्चा करते हैं, देश के विभिन्न भागों में जो बम विस्फोट हुए, जो निर्दोष नागरिक मारे जा रहे हैं, उनकी चर्चा भी करते हैं, लेकिन पता नहीं क्यों हम पूर्वोत्तर राज्यों को भूल रहे हैं। मैंने असम की चर्चा की थी कि वहां सितम्बर में जातीय हिंसा हुई थी। माननीय गृह मंत्री जी ने उसका कहीं उल्लेख नहीं किया। उसमें सौ से ऊपर लोग मारे गए थे और वह हिंसा कई दिनों तक चलती

रही। उससे पहले 17 जून से जुलाई के अंत तक मणिपुर में नागा उग्रवादी संगठनों ने जो आर्थिक नाकेबंदी की थी, 45 दिनों तक केन्द्र सरकार ने वहां कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की।

इन संवेदनशील मुद्दों पर सरकार कितनी गंभीर है ? पूर्वोत्तर राज्यों की बड़ी अनदेखी की जा रही है। असम के राज्यपाल भारत सरकार को निरन्तर

.(<u>व्यवधान</u>)

MR. CHAIRMAN : If you are continuing, you can conclude it tomorrow.

योगी आदित्यनाथ : यदि हमें अभी मौका मिले तो हम अपना भाषण खत्म कर देते हैं। .(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet tomorrow at 11.00 a.m.

18.00 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock
on Friday, December 2, 2005/Agrahayana 11, 1927 (Saka).